जबलपुर सोमवार 17 अगस्त 2026 > शक संवत 1948, श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष 32 अंक 50 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com





अब हर रोज दर्पण
▶▶ 3

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 26.0°C
न्यूनतम तापमान 24.2°C
सूर्योदय - 5.48 | सूर्यास्त - 6.41


इनामी दंगल में अक्षत पहलवान जबलपुर ने मारी... ▶▶ 5


क्रिकेटर विनोद कांबली की जिंदगी पर बनेगी... ▶▶ 7


जिले में आन-बान और शान से लहराया तिरंगा... ▶▶ 9

# चित्रकूट में मध्य प्रदेश–उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला पुल डूबा

## हिमाचल में अब तक 183 लोगों की मौत, 103 सड़कें बंद




नई दिल्ली/भोपाल।

उत्तर प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। गंगा, यमुना और शारदा समेत 11 नदियां उफान पर हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। इससे यूपी-एमपी को जोड़ने वाला पुल डूब गया है। पानी कॉलोनियों और घरों तक पहुंच गया है। मानसून टर्फ की वजह से मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हुआ है। इस वजह से जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में अगले 3 दिन हैवी रेन यानी, भारी बारिश की चेतावनी है। उत्तराखंड के चमोली में शनिवार देर रात से हो रही भारी बारिश के कारण बाजपुर के पास पहाड़ का एक हिस्सा खिसक गया। जिससे बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया। हिमाचल में 30 जून से 15 अगस्त के बीच मानसून से जुड़ी घटनाओं में 183 लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार शाम 5 बजे तक राज्य में 103 सड़कें बंद थीं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा में एक सरकारी रेजिडेंशियल स्कूल के कैंपस में बाढ़ का पानी घुसने से लगभग 400 छात्र फंस गए। इनमें 150 लड़कियां भी शामिल हैं। ब्राह्मणी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बच्चों को दूसरे रेजिडेंशियल स्कूल में पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसके लिए मोटर बोट का इस्तेमाल किया जा रहा है। ओडिशा सरकार ने रविवार को पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया। लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी रहने से बाढ़ प्रभावित उत्तरी जिलों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं और राज्य ने 2.37 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है, और उन्हें 293 राहत शिविरों में रखा है। हालात का जायजा लेने वाली मुख्य सचिव अनु गर्ग ने कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और जो कर्मचारी छुट्टी पर थे, उन्हें तुरंत ड्यूटी पर लौटने को कहा गया है।

### गुजरात में पुल टूटकर नदी में गिरा

गुजरात के खेड़ा में थासरा तालुका में चितलावा और सरदारपुरा गांवों को जोड़ने वाला एक पुल गिर गया। इस पुल को पहले ही जर्जर घोषित कर दिया गया था और अधिकारियों ने इस पर आवाजाही पर रोक लगा दी थी। पुल गिरने से दोनों गांवों के बीच संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और आगे की जांच शुरू कर दी है।

### सुबनसिरी में लैंडस्लाइड, 4 की मौत

लगातार भारी बारिश के बाद अपर सुबनसिरी जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़क पर भूस्खलन हुआ, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। लगातार बारिश से धौलपुर शहर में जनजीवन प्रभावित हुआ है और निचले इलाकों में तीन फीट तक पानी भर गया है।

### नदी पार कर रहे 3 बच्चे बहे, दो के शव मिले

मप्र के मैहर जिले में अमरपाटन तहसील के नादन देहात थाना क्षेत्र में शनिवार रात नदी पार करते समय दो सगे भाइयों समेत तीन लोग तेज बहाव में बह गए। इनकी पहचान विराज कुशवाहा (7), सार्थक कुशवाहा (5) और उनके मामा अंकुल कुशवाहा (19) के रूप में हुई है। दोनों बच्चे भड़री, अमरपाटन के रहने वाले हैं, जबकि अंकुल खरमसेड़ा का रहने वाला है।

# सरकार के खिलाफ खड़े होने वालों की तारीफ हो

## राहुल गांधी ने शेयर किया प्रदर्शनकारियों से बातचीत का वीडियो



नई दिल्ली।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सरकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने वाले भारत के युवाओं का साहस सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि बदसलूकी, गाली-गलौज और हिंसा का सामना करने वाली छात्राओं की भी तारीफ होनी चाहिए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर छात्रों से बातचीत का वीडियो भी शेयर किया। इन छात्रों ने पिछले महीने पेपर लीक के मुद्दे पर तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। राहुल और छात्रों के बीच यह बातचीत 5 अगस्त को हुई थी, लेकिन इसका वीडियो उन्होंने आज शेयर किया है। राहुल गांधी ने 22 अगस्त को महाराष्ट्र के पुणे में प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से पहले एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने इस शासन के सामने जिस साहस और मजबूती से खड़े होकर जवाबदेही की मांग की, वह काबिल-ए-तारीफ है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया- भारत के युवाओं ने मोदी जी के हिंसक शासन के सामने जिस साहस और मजबूती से खड़े होकर जवाबदेही की मांग की, वह काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने शांति, मोहब्बत और हंसी-मजाक के साथ अपनी आवाज बुलंद की। नेता प्रतिपक्ष ने लिखा, मुझे हर एक युवा पर गर्व है, खासकर उन लड़कियों पर, जिन्हें भाजपा के गुंडों की बदसलूकी, गाली-गलौज और हिंसा का सामना करना पड़ा, यहां तक कि उन्हें प्रधानमंत्री से माफी मांगने के लिए मजबूर किया गया। लेकिन अब उनकी आवाज दबाई नहीं जा सकेगी। राहुल ने पोस्ट में कहा, 22 अगस्त को 'छात्रों की गूंज' पुणे पहुंच रही है और इस बार का कार्यक्रम सिर्फ लड़कियों के लिए होगा। अब लड़कियां बोलेंगी, देश सुनेगा। इसके साथ ही, उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए एक लिंक शेयर किया है। इसके साथ ही, राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल रहे 5 युवक-युवतियों से संवाद का एक वीडियो भी शेयर किया। राहुल से बात करते हुए लड़कियों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस के गुंडों की कार्रवाई की आलोचना की। एक लड़की ने कहा, पुलिसवाले हमसे ये कह रहे थे कि आप देशद्रोही हो।

### छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप

लड़कियों ने आरोप लगाए कि उन्हें सोशल मीडिया पर धमकियां और गालियां मिल रही थीं। इसी संवाद के दौरान एक युवक ने आरोप लगाया, जितने भी वहां अधिकारी थे, वह भाजपा के फेवरेबल थे। वरना वे इतना बड़ा कदम नहीं उठाते। हमने दो दिन पहले ही वीडियो शेयर किए थे, जिसमें पत्थरों की गाड़ियां आई थीं। वो गाड़ियां प्लांट की गई थीं। उसने कहा, मुझे जिस अधिकारी ने मारा था, उसकी वर्दी पर नेमप्लेट नहीं थी। दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों की वर्दी पर भी नेमप्लेट नहीं थी। उन्होंने रूमाल से अपने चेहरे भी ढक लिए थे। सिविल ड्रेस में भी लोग थे और सबको मार रहे थे।

### माफी मांगने मजबूर किया गया

बातचीत में राहुल गांधी ने कहा, बहुत सारे ऐसे लोग हैं, जो सामने अन्याय देखते हैं। किसी को मारा जा रहा है, पीटा जा रहा है और धमकाया जा रहा है, पर वो लोग चुप होकर अपना काम करते हैं। मैं इसे नेशनहुड और सिटिजनशिप मानता हूं। उन्होंने कहा कि जो मुझे अजीब लगा कि आप लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। आपको धमकाकर माफी करवा रहे हैं। इसी बीच, राहुल गांधी ने पीएम मोदी की ओर से छात्रों को माफ किए जाने को ड्रामा बताया। उन्होंने कहा, तीन लड़कियों को माफी मांगने के लिए मजबूर किया गया और प्रधानमंत्री ने इस माफी को स्वीकार किया।

### यूजीसी-नेट के तीन विषयों की परीक्षा रद्द, दोबारा होंगे एग्जाम

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने रविवार को अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषयों में प्रश्न पत्रों की त्रुटियों की जांच के लिए गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर तीनो विषयों की परीक्षा रद्द कर दी है। इन विषयों की दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। दोबारा परीक्षा अंग्रेजी- 9 सितंबर 2026 को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, वाणिज्य- 9 सितंबर 2026 को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक तथा समाजशास्त्र- 10 सितंबर 2026 को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी।

### उधमपुर के जंगलों में दिखे 2 संदिग्ध घुसपैठिए

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने रविवार को उधमपुर जिले के रामनगर जंगल इलाके में दो अनजान लोगों की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने के बाद एक जॉइंट कॉर्डन-एंड-सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जम्मू-कश्मीर पुलिस, स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप, सेना और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों की एक जॉइंट टीम ने जोफर इलाके की घेराबंदी कर दी है। संदिग्ध लोगों का पता लगाने और सुरक्षा के किसी भी संभावित खतरे को खत्म करने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है।

# मुझे दिमागी नक्सल होने पर गर्व है : पी. चिदंबरम

## स्वतंत्रता दिवस पर मोदी के भाषण को लेकर पलटवार



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमागी नक्सल वाले बयान पर तंज कसा है। चिदंबरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे दिमागी नक्सल होने पर गर्व है। चिदंबरम की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश को दिमागी नक्सलियों से सतर्क रहने की चेतावनी देने के बाद आई है। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि देश जंगलों में फैले सशस्त्र नक्सलवाद को समाप्त करने में काफी हद तक सफल रहा है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि इसके वैचारिक समर्थक अभी भी समाज के लिए बड़ा खतरा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग तंत्र में घुसपैठ कर चुके हैं और नीतियों में हेरफेर करके हिंसा तथा अराजकता को बढ़ावा देने का अवसर तलाशते हैं। उन्होंने देशवासियों से ऐसे लोगों को पहचानने और अलग-थलग करने की अपील की थी। पीएम मोदी ने अपने भाषण में जोर देकर कहा, सालों से माओवादी विचारधारा के लोगों ने सत्ता के गलियारों में जगह बना ली थी। वे सरकारी समितियों में सलाहकारों के रूप में काम करते हुए सार्वजनिक नीतियां प्रभावित करते थे। उन्होंने कहा कि इस चुनौती का कम नहीं आंका जा सकता और अब अधिक सतर्कता की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद के भयानक इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि दशकों पुरानी इस हिंसा ने लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया, अनगिनत परिवारों को तबाह किया और 3,500 से अधिक पुलिस तथा सुरक्षाकर्मियों की जान ली, जो युद्ध में शहीद हुए सैनिकों से भी ज्यादा है। एक समय भारत का एक बड़ा हिस्सा बंदूक के साए में था। पीएम मोदी ने कि 2014 में सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने नक्सलवाद के उन्मूलन को प्राथमिकता दी।

# सुपारी आयात में 2500 करोड़ रुपए का घोटाला

## डीआरआई ने किया खुलासा



कोलकाता (वार्ता)। राजस्व खुफिया निदेशालय ने आयात की जाने वाली सुपारी को फर्जी दस्तावेजों के जरिए बंगलादेशी मूल का बताकर लाने और दक्षिण एशियाई स्वतंत्र व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) समझौते के तहत सीमा शुल्क छूट का अवैध लाभ उठाने वाले एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में अब तक 2,500 करोड़ रुपये से अधिक के सीमा शुल्क चोरी का खुलासा हुआ है और इस सिलसिले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। गौरतलब है कि सुपारी के आयात पर सामान्यत: 100 फीसदी सीमा शुल्क लगता है, लेकिन साफ्टा समझौते के तहत बंगलादेश से आयात की जाने वाली सुपारी पर पूरी तरह सीमा शुल्क में छूट मिलती है। खुफिया जानकारियों के आधार पर डीआरआई ने जांच शुरू की, जिसमें सामने आया कि यह गिरोह इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों से सुपारी मंगवाता था और उसका मूल देश बंगलादेश बताकर शुल्क छूट हासिल करता था। डीआरआई के अधिकारियों ने कोलकाता और विशाखापट्टनम में आयातकों, सीमा शुल्क दलालों और अन्य लोगों से जुड़े विभिन्न परिसरों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान सुपारी के दक्षिण-पूर्वी एशियाई मूल के होने की पुष्टि करने वाले कई दस्तावेज और सबूत जब्त किए गए। इसके साथ ही लगभग 75 लाख रुपये की नकदी और 160 टन सुपारी की खेप भी जब्त की गई है। जांच में पता चला कि यह गिरोह दक्षिण-पूर्वी एशिया से सुपारी को बंगलादेश के एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग ज़ोन में मंगाते थे, जहां केवल उनके कंटेनर और बोरियां बदलकर उन्हें बंगलादेशी उत्पाद के रूप में भारत भेजा जाता था। इसके लिए बंगलादेशी अधिकारियों से धोखाधड़ी से साफ्टा मूल प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाते थे। इस काम के बदले भारतीय आयातकों से भारी कमीशन लिया जाता था और लेन-देन के लिए हवाला चैनलों तथा फर्जी संस्थाओं का इस्तेमाल किया जाता था। इस बड़े घोटाले में शामिल एक प्रमुख कस्टम्स ब्रोकर फर्म का लाइसेंस सक्षम प्राधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। निदेशालय इस नेटवर्क का पर्दाफाश किए जाने के बाद मामले की विस्तृत जांच कर रहा है।

# सेना प्रमुख तीन दिन की नेपाल यात्रा पर रवाना

नयी दिल्ली (वार्ता)। सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ रविवार को नेपाल की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ रक्षा सहयोग तथा सैन्य-से-सैन्य संबंधों को और मजबूत करना है। सेना प्रमुख सोमवार को तुंडीखेल स्थित आर्मी पैविलियन में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और नेपाली सेना मुख्यालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर पदिया जाएगा। वह नेपाली सेना के सेना प्रमुख के साथ बातचीत करेंगे तथा नेपाली सेना के महानिदेशक, सैन्य संचालन द्वारा पारस्परिक हित के मुद्दों पर जानकारी दी जाएगी। इसके बाद, जनरल सेठ राष्ट्रपति भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में भाग लेंगे, जहाँ भारतीय और नेपाली सेनाओं के बीच विशिष्ट परंपरा के अनुरूप, उन्हें नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल द्वारा नेपाली सेना के मानद जनरल के पद से सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को वह शिवपुरी में आर्मी कमांड एंड स्टाफ कॉलेज के छात्र अधिकारियों को संबोधित करेंगे और प्रशिक्षकों तथा विदेशी छात्र अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे।

### ओडिशा के हितों को नुकसान पहुंचायेगा खनन विधेयक : कांग्रेस

भुवनेश्वर (वार्ता)। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस (ओपीसीसी) ने खान एवं खनिज संशोधन विधेयक, 2026 के खिलाफ विरोध तेज करते हुए कहा है कि यह विधेयक ओडिशा की वित्तीय स्वायत्तता को नुकसान पहुंचायेगा और इससे राज्य के राजस्व को भारी नुकसान पहुंचेगा। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग की ओर से रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जयदेव जेना और मीडिया अध्यक्ष अरविंद दास ने विधेयक की आलोचना की और इसके प्रावधानों पर ओडिशा सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाये।

# महाराष्ट्र में मूर्खों का मंत्रिमंडल: राउत



मुंबई (वार्ता)।

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए राज्य मंत्रिमंडल को मूर्खों का मंत्रिमंडल करार देते हुए सत्ताधारी दलों के बड़े नेताओं को टेलीप्रॉम्प्टर के बिना राष्ट्रगीत वंदे मातरम सुनाने की चुनौती दी। राउत ने मंत्री जयकुमार गोरे के बारे में टिप्पणी करने पर मिले नोटिस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर मूर्ख शब्द असंसदीय है, तो सेंसर बोर्ड को इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सरकार चलाने के लिए सोच-समझकर मूर्खों को इकट्ठा किया है। उन्होंने अधिकारियों को चुनौती दी कि वे इसे मूर्ख मंत्रिमंडल कहने के लिए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करें। श्रीमती सोनिया गांधी के रुख को बौद्धिक नक्सलवाद बताने वाले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान का जवाब देते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता कहा कि वंदे मातरम को कांग्रेस पार्टी ने अपनाया था, भारतीय जनता पार्टी ने नहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फडणवीस को टेलीप्रॉम्प्टर की मदद के बिना कम से कम दो पद सुनाने की चुनौती दी। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस भाषण का भी मजाक उड़ाया और दावा किया कि लाल किले पर टेलीप्रॉम्प्टर खराब होने के कारण उन्हें पढ़ने में मुश्किल हुई। साथ ही उन्होंने मंत्री गिरीश महाजन का भी मजाक उड़ाया। राउत ने अंधभक्त शब्द के इस्तेमाल को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भेजे गये नोटिस पर कड़ी नाराजगी जतायी और सरकार के इस कदम को सरासर बेवकूफी बताया। उन्होंने राहुल गांधी के बयान का बचाव करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या संसद से वॉकआउट करने वाले नेता परमवीर चक्र जैसे वीरता पुरस्कार पाने के हकदार हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे को अपनी ही पार्टी के भीतर बहुत ज्यादा परेशान किया गया था। उन्होंने एक सनसनीखेज दावा किया कि अगर मुंडे ने उस समय कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया होता, तो शायद उनकी जान बच सकती थी। उन्होंने बाबा रामदेव पर भी तंज कसते हुए कहा कि योग गुरु अब बहुत ज्यादा सतर्क हो गये हैं।

# आतंकी आसमान में हों या पाताल में...छोड़ना नहीं

## डोभाल का खुलासा: पहलगाम हमले के बाद मोदी ने दिए थे कड़े निर्देश



नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर के पीछे की रणनीतिक सोच के बारे में पहली बार विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए 88 घंटे के सैन्य अभियान के लिए भारत ने कैसे अपने लक्ष्य तय किए और इसके लिए जिम्मेदार आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने की योजना बनाई। पहलगाम नरसंहार के बाद के तनावपूर्ण माहौल को याद करते हुए डोभाल ने प्रधानमंत्री मोदी की उस तत्काल प्रतिक्रिया का विवरण दिया जब उन्होंने अपनी विदेश यात्रा बीच में ही छोड़ दी थी।

### हम आतंकियों को माफ नहीं करेंगे

डोभाल ने पीएम मोदी के शब्दों को दोहराते हुए कहा, एयरपोर्ट पर ही हमारी बैठक हुई। सबसे पहले वह सभी तथ्य जानना चाहते थे और फिर उनका मुझसे पहला सवाल था कि यह किसने किया है। हम उनके पीछे जाएंगे। चाहे वे जमीन पर हों, आसमान में हों या पाताल में... वे जहां भी हों, हम उन्हें माफ नहीं करेंगे। अजीत डोभाल ने कहा, हमारी खुफिया एजेंसियों का धन्यवाद... उन्होंने शानदार काम किया और बहुत कम समय में हम दोषियों की पहचान करने और सटीक कार्रवाई करने में सफल रहे। पहलगाम हमले के जवाब की योजना बनाने वालों में से एक माने जाने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने संकेत दिया कि भारत किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार था।

### हम खून की आखिरी बूंद तक लड़ते

डोभाल ने कहा, एक बार जब यह शुरू हो जाता है तो हम किसी देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए जितनी दूर तक जाना पड़े, जाने को तैयार रहते हैं... और इसकी कोई सीमा नहीं होती। हम खून की आखिरी बूंद तक लड़ते हैं। भारत के अधिक सहनशील होने को उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने पुष्टि की कि जिन आतंकवादियों ने आस्था के आधार पर लोगों को निशाना बनाया था, उन्होंने देश की सहनशीलता की सीमा को पार कर दिया था। दिखाया कि भारतीय नेतृत्व को चुनौती देते हुए दुस्साहसपूर्ण ढंग से ललकारा था।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

होटल रॉयल अनन्दा
कलेक्ट्रेट के सामने, शहपुरा रोड उमरिया
सौजन्य से- प्रवीण सिंह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

आशीष श्रीवास्तव
उप पंजीयक
कार्यालय उप पंजीयक उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

संग्राम सिंह मरावी
परियोजना संचालक (आत्मा)
किसान कल्याण तथा कृषि विभाग उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

सुश्री मीना सिंह
विधायक
मानपुर विधानसभा क्षेत्र उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

अमरशाह राम
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

कीर्ति कुमार सोनी
जिलाध्यक्ष
व्यापारिक संगठन (कैट) उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त
अनुपम सहाय, फील्ड डायरेक्टर
योहन कटारा, डिप्टी डायरेक्टर
बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

श्रीमती रमा दुबे
परिवहन अधिकारी
कार्यालय जिला परिवहन विभाग उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त
सारडा एनर्जी एण्ड मिनिरल्स लिमिटेड कोल माइन्स
ग्राम- शाहपुर, कुशमहाखुर्द, तहसील- पाली, जिला- उमरिया
सौजन्य से - बी. रामाराव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

आहूजा ट्रेडर्स एवं
स्वर्णभूमि कालोनी
प्रोपा. विनोद आहूजा उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

अमित पटौदी
संभागीय प्रबंधक
वन विकास निगम, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

शिवनारायण सिंह
विधायक
बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त
अर्णव कुमार गुहा
(कार्यपालन यंत्री)
लोक निर्माण विभाग उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

एस. के ठाकुर
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन विभाग, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

एच.एस. धुर्वे
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

आशुतोष अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त
श्रीमती रश्मि सिंह
अध्यक्ष
किशन सिंह ठाकुर, सीएमओ नगर पालिका परिषद, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

रोहित सिंह बघेल
जिला आपूर्ति अधिकारी
एवं प्रभारी जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

ओमनारायण सिंह
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

डॉ. व्ही. एस. चंदेल
(सीएमएचओ)
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त
पुरुषोत्तम कोल, अध्यक्ष
किशन सिंह ठाकुर, सीएमओ
नगर परिषद चंदिया, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

श्रीमती लक्ष्मी मरावी
प्रबंधक
वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

नेचर हेरिटेज रेसोर्ट
ताला, बांधवगढ़ उमरिया
सौजन्य से- कपिल तेजवानी, राकेश शुक्ला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

दिव्या गुप्ता
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला बाल विकास उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त
शकुंतला प्रधान, अध्यक्ष
शिव प्रसाद धुर्वे, (सीएमओ)
नगर पालिका परिषद पाली, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

भूपेंद्र वरकड़े
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला शिक्षा विभाग उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

सेन्ट्रल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल
बड़ेरी रोड उमरिया
सौजन्य से - सेंट्रल एकेडमी परिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

डॉ. विद्याकान्त तिवारी
(खनिज अधिकारी)
कार्यालय खनिज विभाग उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त
श्रीमती कुशल सिंह, अध्यक्ष
शिव प्रसाद धुर्वे, (सीएमओ)
नगर परिषद नौरोजाबाद, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

आर.के. गुप्ता
एस.डी.ओ.
पी.एच.ई. उमरिया


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

दिलीप पांडेय
पूर्व जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

इंजीनियर विजय कोल
(जिलाध्यक्ष)
जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त
श्रीमती भारती सोनी अध्यक्ष
सुश्री रचियता अवस्थी, (सीएमओ)
नगर परिषद मानपुर, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

मंजू वर्मा
खाद्य सुरक्षा अधिकारी
खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


ताला रोड महामन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

डॉ. के.सी.सोनी
सिविल सर्जन
जिला चिकित्सालय उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त


श्रीमती पूजा द्विवेदी
सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग, उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

मदनलाल मरावी
नगर निरीक्षक
थाना प्रभारी, कोतवाली उमरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 15 अगस्त

श्रीमती ममता अहिरवार
आबकारी अधिकारी
कार्यालय आबकारी विभाग उमरिया




# स्वतंत्रता संग्राम में जबलपुर और महाकौशल की गौरवगाथा

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जबलपुर और महाकौशल का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। जबलपुर राष्ट्रीय आंदोलन की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना और यहां हुए सत्याग्रह, जनसभाओं तथा कांग्रेस की गतिविधियों ने स्वतंत्रता की चेतना को मजबूत किया।

## 1923 का झंडा सत्याग्रह

जबलपुर का झंडा सत्याग्रह राष्ट्रीय आंदोलन की महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल है। राष्ट्रीय ध्वज फहराने को लेकर हुए इस आंदोलन ने लोगों में राष्ट्रीय स्वाभिमान और ब्रिटिश शासन के विरोध की भावना को मजबूत किया।

## सेठ गोविंददास और अन्य नेताओं की भूमिका

जबलपुर के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी सेठ गोविंददास ने असहयोग, सविनय अवज्ञा, साइमन कमीशन के विरोध और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। पं. रविशंकर शुक्ल, पं. माखनलाल चतुर्वेदी और पं. द्वारका प्रसाद मिश्र जैसे नेताओं ने भी क्षेत्र में आंदोलन को मजबूती दी और गिरफ्तारियां दीं।

## 1939 का त्रिपुरी कांग्रेस अधिवेशन

जबलपुर के निकट त्रिपुरी में 1939 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। इसमें सुभाष चंद्र बोस कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित हुए। यह अधिवेशन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं में गिना जाता है और इससे जबलपुर की राष्ट्रीय पहचान और मजबूत हुई।

## गांधी, तिलक और सुभद्रा कुमारी चौहान से जुड़ी स्मृतियां

महात्मा गांधी और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का भी जबलपुर से संबंध रहा। तिलक के संबोधन से जुड़ा स्थान तिलक भूमि के नाम से जाना जाता है। वहीं, कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने अपनी रचनाओं, विशेषकर 'झाँसी की रानी', के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को जन-जन तक पहुंचाया। जबलपुर और महाकौशल में राजनीतिक आंदोलन, साहित्य और जनभागीदारी ने मिलकर स्वतंत्रता संघर्ष को मजबूती दी। झंडा सत्याग्रह और त्रिपुरी कांग्रेस अधिवेशन इस क्षेत्र के इतिहास की गौरवपूर्ण घटनाएं हैं। यह विरासत आज भी नई पीढ़ी को देशप्रेम और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देती है।



राजीव तिवारी

**उप प्राचार्य**
**हितकारिणी उ.मा. शाला, देवताल, गढ़ा, जबलपुर।**

# आजादी के अमृत महोत्सव से विकसित भारत तक

भारत की स्वतंत्रता करोड़ों देशवासियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। 15 अगस्त 1947 को मिली आजादी ने देश को नए युग की ओर बढ़ाया। आजादी का अमृत महोत्सव केवल स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं, बल्कि उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प भी है। यही संकल्प विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के रूप में आगे बढ़ रहा है।

## विकसित भारत का व्यापक सपना

2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को केवल आर्थिक रूप से मजबूत बनाना पर्याप्त नहीं होगा। शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में भी देश को आगे बढ़ाना होगा। विकास का अर्थ ऐसा भारत बनाना है, जहां हर नागरिक को समान अवसर और सम्मान मिले।

## प्रगति के नए आयाम

भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान, डिजिटल तकनीक, बुनियादी ढांचे, स्टार्टअप, नवीकरणीय ऊर्जा और आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। डिजिटल सेवाओं और नवाचार ने भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत किया है। यह उपलब्धियां देश की प्रतिभा और सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।



## नागरिक भागीदारी से बनेगा विकसित भारत

विकसित भारत का निर्माण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है। प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदार भागीदारी आवश्यक है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कानून का पालन, ईमानदारी से कर भुगतान, सामाजिक सद्भाव, महिला सम्मान और राष्ट्रीय एकता जैसे मूल्यों को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन ही जिम्मेदार नागरिकता की पहचान है।

## युवा शक्ति बनेगी परिवर्तन की ताकत

भारत की सबसे बड़ी शक्तियों में उसकी युवा आबादी शामिल है। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास,रोजगार के अवसर देकर नवाचार, विज्ञान और तकनीक से जोड़ना जरूरी है। जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना से आगे बढ़ने वाली युवा शक्ति भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में ले जा सकती है।

## महापुरुषों के विचारों से मिलेगी दिशा

महात्मा गांधी का स्वच्छता संदेश, डॉ. भीमराव आंबेडकर का सामाजिक न्याय, सरदार वल्लभभाई पटेल की राष्ट्रीय एकता और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का विकसित भारत का सपना आज भी प्रेरणा देता है। संविधान के आदर्शों को अपनाकर ही समानतामूलक, सुरक्षित, समावेशी, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है।



माधुरी शुक्ला

**प्राचार्य- बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या उ.मा.शाला, दीक्षितपुरा, जबलपुर।**

# स्वतंत्रता दिवस और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी

15 अगस्त हर भारतीय के लिए गर्व, उल्लास और आत्ममंथन का अवसर है। जब तिरंगा लहराता है और देशभक्ति के गीत गूंजते हैं, तो हर मन राष्ट्रप्रेम से भर जाता है। इस राष्ट्रीय पर्व का सबसे सुंदर पक्ष यह है कि बच्चे और युवा इसमें उत्साह से भाग लेते हैं। वे देश का भविष्य हैं, इसलिए स्वतंत्रता दिवस उन्हें इतिहास से जोड़ने के साथ राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास भी कराता है।

## इतिहास से लें प्रेरणा

स्वतंत्रता दिवस हमें उन असंख्य सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश को आजाद कराने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई और महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्तित्वों के संघर्ष युवाओं में देशप्रेम की भावना जगाते हैं। आजादी को सुरक्षित रखना हर नागरिक का कर्तव्य है।

## बच्चों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

देश के विकास में बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उनकी छोटी-छोटी आदतें भविष्य के



भारत की तस्वीर तय करती हैं। मन लगाकर पढ़ना, ज्ञान प्राप्त करना और अच्छा चरित्र बनाना विद्यार्थियों की पहली जिम्मेदारी है। बड़ों का सम्मान और साथियों के प्रति सहनशीलता भी सच्चे देशप्रेम की पहचान है।

## पर्यावरण संरक्षण और अनुषासन

पौधे लगाना, पानी बचाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना और आसपास स्वच्छता रखना देशसेवा का ही एक रूप है। अनुशासन और नियमों का पालन, विद्यालय के नियमों का पालन, यातायात नियमों का सम्मान और कानून के प्रति जिम्मेदारी बच्चों को अनुशासित नागरिक बनाती है।

## सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा

स्कूल, पार्क, बस, ट्रेन और ऐतिहासिक स्थल हमारी साझा संपत्ति हैं। इन्हें नुकसान न पहुंचाना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। सद्भाव और भाईचारा, जाति, धर्म और भाषा के भेद से ऊपर उठकर सभी का सम्मान करना राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है।

## अभिभावक और शिक्षक निभाएं भूमिका

बच्चों में देशप्रेम केवल किताबों से नहीं, बल्कि व्यवहार से विकसित होता है। अभिभावकों और शिक्षकों को अपने आचरण से ईमानदारी, अनुशासन और जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि देशभक्ति केवल युद्धभूमि में बलिदान देना नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन में ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना भी है। जय हिंद!



अनुपमा पटेल

**शिक्षक**
**बाबू मनमोहनदास एच.सी.ए, दीक्षितपुरा, जबलपुर।**

# सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है

**सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,**
**देखना है ज़ोर कितना बाज़ु-ए-क़ातिल में है।**

यह अमर पंक्ति भारत के वीर क्रांतिकारियों के अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान की प्रतीक है। 15 अगस्त केवल स्वतंत्रता प्राप्ति का पर्व नहीं, बल्कि उन असंख्य वीरों को श्रद्धांजलि देने का दिन है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्र भारत का मूल्य उपहार दिया।

आज आवश्यकता है कि हम भी अपने जीवन में राष्ट्रप्रेम, ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाएँ। देश के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि केवल शब्दों से नहीं, बल्कि अपने श्रेष्ठ कर्मों से दी जा सकती है। एक जागरूक नागरिक बनकर, शिक्षा, सेवा और सदाचार के माध्यम से हम भारत को और अधिक सशक्त एवं समृद्ध बना सकते हैं।

आइए इस स्वतंत्रता दिवस पर संकल्प लें, हम देश की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा करेंगे, अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंगे और भारत को विश्व का श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे।

जय हिन्द! वन्दे मातरम!



निरंजन श्रीवास्तव

**शिक्षक**
**हितकारिणी उ.मा. शाला, देवताल, गढ़ा, जबलपुर।**

# अधूरे सपनों को श्रद्धांजलि, जो शिक्षा की राह में खो गए

**15 अगस्त केवल तिरंगा फहराने, राष्ट्रगान गाने और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। आजादी का वास्तविक अर्थ ऐसा समाज बनाना है, जहां हर विद्यार्थी अपने सपनों को सम्मान, अवसर और सुरक्षा के साथ पूरा कर सके।**

भारत ने शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। लाखों युवाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से देश का नाम रोशन किया है। फिर भी हर वर्ष अनेक विद्यार्थी अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष करते हैं। कुछ विद्यार्थी मानसिक दबाव, असफलता के डर, आर्थिक कठिनाइयों या अन्य कारणों से अपनी मंजिल तक पहुंचने से पहले ही उम्मीद छोड़ देते हैं। ऐसे सभी विद्यार्थियों के अधूरे सपनों को यह लेख विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।




## हर सपने के पीछे होती हैं उम्मीदें

हर विद्यार्थी अपने जीवन में कोई न कोई सपना लेकर आगे बढ़ता है। कोई डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, सैनिक या अधिकारी बनना चाहता है। इन सपनों के साथ केवल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की उम्मीदें जुड़ी होती हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मेहनत और अनुशासन जरूरी हैं, लेकिन लगातार बढ़ता मानसिक दबाव विद्यार्थियों के लिए चुनौती भी बन रहा है।

## असफलता अंत नहीं, नई शुरुआत है

किसी परीक्षा का परिणाम विद्यार्थी की पूरी पहचान नहीं हो सकता। सफलता और असफलता जीवन का हिस्सा हैं। असफलता का अर्थ क्षमता का समाप्त हो जाना नहीं है। विद्यार्थियों को यह विश्वास रखना चाहिए कि हर नया दिन नई संभावना लेकर आता है।

## शिक्षा में संवेदनशीलता जरूरी

विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर मिले। शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक या नौकरी पाना नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, चरित्र, संवेदनशीलता और जीवन जीने की क्षमता विकसित करना भी है। विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां विद्यार्थी बिना भय के प्रश्न पूछ सकें और अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकें।

आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर उन सभी विद्यार्थियों के अधूरे सपनों को श्रद्धांजलि दें, जो शिक्षा की राह में कहीं खो गए और संकल्प लें कि भविष्य में हर विद्यार्थी आशा, आत्मविश्वास और सम्मान के साथ अपने सपनों की ओर बढ़ सके।



अनिता पटेल

**एकाउंटेंट**
**केसी हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, जोंसगंज, जबलपुर।**

# आजादी का अमृत, गणित से वैज्ञानिक सोच तक

स्वतंत्रता दिवस हर भारतीय के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का पर्व है। यह हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाने के साथ देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प भी देता है। विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा और वैज्ञानिक सोच की महत्वपूर्ण भूमिका है और गणित इसकी मजबूत आधारशिला है। गणित केवल संख्याओं और सूत्रों का विषय नहीं, बल्कि तर्क, विश्लेषण, निर्णय क्षमता और समस्या-समाधान का विज्ञान है।



**आजादी के रंगों में सीखें गणित**- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गणित को रोचक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। तिरंगे के रंगों के माध्यम से सममिति, आकृतियां, भिन्न, अनुपात और पैटर्न समझाए जा सकते हैं। भारत के मानचित्र से क्षेत्रफल, दूरी, दिशा और माप की गतिविधियां कराई जा सकती हैं। राष्ट्रीय ध्वज के अनुपात और अशोक चक्र की 24 तीलियों के माध्यम से वृत्त, कोण और ज्यामिति की अवधारणाएं सरलता से समझाई जा सकती हैं।

**गतिविधियों से बढ़ेगी गणित में रुचि**- विद्यार्थियों के लिए गणित मेला, प्रश्नोत्तरी, गणितीय पहेली, पोस्टर निर्माण और मॉडल प्रदर्शनी जैसी गतिविधियां आयोजित की जा सकती हैं। स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी तिथियों और घटनाओं को गणितीय प्रश्नों में शामिल कर इतिहास और गणित को एक साथ समझाया जा सकता है। वर्ष, समय-रेखा, प्रतिशत और आंकड़ों के विश्लेषण से विद्यार्थियों की तार्किक सोच विकसित होगी।

**रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ें गणित**- बाजार, बैंक, खेल, पर्यावरण, कृषि और यातायात जैसे उदाहरणों से बच्चों को समझाया जा सकता है कि गणित हमारे जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी है। डिजिटल तकनीक, गणितीय ऐप और ऑनलाइन क्विज भी सीखने को अधिक रोचक बना सकते हैं।

**शिक्षक बनाएं गणित को आनंददायक**- शिक्षकों को विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, प्रयोग करने और स्वयं समाधान खोजने का अवसर देना चाहिए। जिज्ञासा, रचनात्मकता,आत्मविश्वास को बढ़ावा देना गणित शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। जय हिंद! वंदे मातरम!



तृप्ति बघेल

**शिक्षक**
**केसी हितकारिणी चिल्ड्रंस एकेडमी, जोंसगंज, जबलपुर।**

# भारत माता: हमारी आन, बान और शान

भारत माता केवल एक शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रतीक हैं। हिमालय से लेकर समुद्र तक फैली यह पवित्र भूमि हमारी जन्मभूमि और कर्मभूमि है। इसकी मिट्टी में हमारे पूर्वजों की स्मृतियाँ, वीरों के बलिदान और महान संस्कृति की सुगंध बसी हुई है।

भारत की धरती ने अनेक महान ऋषियों, संतों, वैज्ञानिकों, साहित्यकारों और वीर योद्धाओं को जन्म दिया है। भगवान राम, भगवान कृष्ण, गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी, गुरु नानक देव जैसे महान व्यक्तित्वों ने मानवता को सत्य, करुणा, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया। वहीं महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और महात्मा गांधी जैसे वीरों ने देश की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

भारत माता की सबसे बड़ी विशेषता उसकी विविधता में एकता है। यहाँ अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं, विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं और अलग-अलग परंपराएँ एवं संस्कृतियाँ हैं, फिर भी हम सभी भारतीय होने के गौरव से एक सूत्र में बंधे हैं। यही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

हमारी नदियाँ, गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी और कावेरी, हमारे जीवन का आधार हैं। हिमालय भारत के मस्तक का मुकुट है और समुद्र उसके चरणों को स्पर्श करता है। खेतों में लहलहाती फसलें, गाँवों की सरलता, शहरों की ऊर्जा और प्रकृति की सुंदरता भारत माता के स्वरूप को और भी मनमोहक बनाती है।

आज भारत विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, कृषि, अंतरिक्ष और अनेक क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है। हमारे वैज्ञानिक और युवा देश का नाम विश्वभर में रोशन कर रहे हैं। लेकिन भारत माता की सच्ची सेवा केवल बड़ी उपलब्धियाँ प्राप्त करने में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने में है। हमें अपने देश को स्वच्छ रखना चाहिए, प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए, शिक्षा का सम्मान करना चाहिए, जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए और समाज में प्रेम तथा भाईचारे की भावना बढ़ानी चाहिए। जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य को समझकर कार्य करेगा, तभी भारत माता और अधिक गौरवशाली बनेगी।

आइए, हम संकल्प लें कि हम अपने देश की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा करेंगे। अपने कर्मों से भारत को मजबूत बनाएँगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण करेंगे। भारत माता हमारी पहचान हैं, हमारी शक्ति हैं और हमारे हृदय में बसने वाली राष्ट्रभावना का स्वरूप हैं।



अभिलाषा उपाध्याय

**शिक्षक**
**हितकारिणी उ.मा. शाला, देवताल, गढ़ा, जबलपुर।**

# जय भारत, जय जय भारत

शान न मिटने पाए इसकी,
जान में अपनी बसता भारत
कितने भी हालात हो मुश्किल,
रहे हमेशा हँसता भारत
जाएँ कहीं भी हम दुनिया में,
हरदम दिल में रहता भारत
मान तिरंगे का रखना तुम,
हर पल हमसे कहता भारत
देश की खातिर हर कतरा है,
रग-रग में है बहता भारत
पक्षी सा उन्मुक्त गगन में,
पंख पसारे उड़ता भारत
हर राज्य श्रृंगार है इसका,
हर चेहरे में सजता भारत
विविध संस्कृति विविध सभ्यता,
इ न से मिलकर बनता भारत
सदा रहे प्रगति के पथ पर,
अविरल जल सा बहता भारत
जन-गण-मन से शान इसकी,
वंदे मातरम जपता भारत
आँधी तूफानों के आगे,
अखंड ढाल सा टिकता भारत
मेरा है हम सबका रहेगा,
अपना जीवन अपना भारत
आन बान और शान है अपनी,
जय भारत जय जय भारत



**शैलजा पटेरिया, शिक्षक**
**के. सी. हितकारिणी चिल्ड्रेन्स एकेडमी, जोन्सगंज, जबलपुर**

# अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों का पालन ही सच्ची आजादी

स्वतंत्रता प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। भारत ने 15 अगस्त 1947 को लंबे संघर्ष और असंख्य बलिदानों के बाद आजादी प्राप्त की। यह स्वतंत्रता हमें केवल अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र, समाज और आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की जिम्मेदारी भी देती है।

**अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक**- लोकतंत्र में नागरिकों को अभिव्यक्ति, शिक्षा, समानता और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। लेकिन केवल अधिकारों की बात करके कर्तव्यों को भूल जाना समाज में असंतुलन पैदा कर सकता है। अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

**जिम्मेदार नागरिक की पहचान**- हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान और कानून का सम्मान करे, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए। पर्यावरण की रक्षा, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, ईमानदारी से करों का भुगतान और मतदान के माध्यम से योग्य प्रतिनिधि चुनना भी महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य हैं।

**विद्यार्थियों की भी जिम्मेदारी**- विद्यार्थियों के लिए स्वतंत्रता का अर्थ अनुशासन, समय का सदुपयोग, शिक्षकों का सम्मान और ज्ञान का समाजहित में उपयोग करना है। आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक बनेगा, इसलिए उसमें कर्तव्यबोध का विकास आवश्यक है।

**डिजिटल स्वतंत्रता का जिम्मेदार उपयोग**- आज सोशल मीडिया भी अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसका उपयोग संयम और जिम्मेदारी से होना चाहिए। झूठी खबरें फैलाना, किसी का अपमान करना या समाज में वैमनस्य पैदा करना स्वतंत्रता का सही उपयोग नहीं है। सच्ची स्वतंत्रता वही है, जिसमें दूसरों के अधिकारों का सम्मान किया जाए।



संगीता राज, शिक्षक

**केसी हितकारिणी चिल्ड्रंस एकेडमी, जोंसगंज, जबलपुर।**

# तिरंगा हमारी शान है, भारत हमारी जान है

स्वतंत्रता दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व, सम्मान और देशभक्ति का पर्व है। 15 अगस्त 1947 को हमारा देश अंग्रेज़ों की दासता से मुक्त हुआ। यह दिन हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्र भारत का अमूल्य उपहार दिया। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र की आन, बान और शान का प्रतीक है। इसका केसरिया रंग साहस और त्याग, श्वेत रंग सत्य, शांति और सद्भाव तथा हरा रंग समृद्धि, विकास और हरियाली का संदेश देता है। बीच में स्थित अशोक चक्र निरंतर प्रगति, कर्तव्य और कर्मशीलता का प्रतीक है। आज हमारा कर्तव्य है कि हम अपने राष्ट्र के संविधान का सम्मान करें, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखें तथा ईमानदारी, अनुशासन और परिश्रम के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी संकल्प लें, तिरंगे का मान कभी कम नहीं होने देंगे, भारत माता का सम्मान सदैव सर्वोपरि रखेंगे।



**प्रिन्स मल्लाह, कक्षा 11वीं**
**हितकारिणी उ.मा. शाला**
**देवताल, गढ़ा, जबलपुर।**

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की आप सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शान्तनु मुंजारे
अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट, लालबर्रा

मेरा परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र, मेरा अभिमान, मेरा परिवार
सभी जिलेवासियों व स्नेहिजन और नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
मधु (भाऊ) भगत
विधायक-परसवाड़ा विधानसभा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री दुर्गा प्रसाद लिल्हारे
उपाध्यक्ष
श्रीमती खुशबू गिरीश बिसेन
अध्यक्ष
श्री गायत्री शास्त्री
सीईओ, खैरलांजी
शुभेच्छु:- जनपद पंचायत खैरलांजी, बालाघाट (एवं समस्त सदस्यगण व कर्मचारीगण)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आर. आई. भगत
शाखा प्रबंधक
एच.एल. टेम्भरे
प्रभारी पर्यवेक्षक सेवा सहकारी समिति
श्री प्रशासक महोदय
खुमान सिंह तितरमारे
प्रबंधक सेवा सहकारी समिति गजपुर
राजेन्द्र मसराम
प्रभारी प्रबंधक सेवा सहकारी समिति सालेबर्डी
निखिल भौरजार प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मोहगांवघाट
चेतसिंह भगत
प्रबंधक सेवा सहकारी समिति टेकाड़ी
मिथलेश शरणागत
सेवा सहकारी समिति भजियादण्ड
एवं सेवा सहकारी समिति के कर्मचारीगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत घोटी, जनपद पंचायत खैरलांजी
नरेन्द्र ठकरेले
सरपंच
एच.एल. टेम्भरे
सचिव
नन्दलाल बाहेश्वर
उपसरपंच
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मप्र राज्य वन विकास निगम लिमिटेड
परियोजना मण्डल बालाघाट
सुंदर निवेदन एम.
संभागीय प्रबंधक (आईएफएस)
देवेश खराड़ी
सहा. संभागीय प्रबंधक
दिनेश रामटेके
वन परिक्षेत्र अधिकारी
विजय कुमरे
वन परिक्षेत्र अधिकारी
राजेन्द्र जरगे
वन परिक्षेत्र अधिकारी
अजय कामड़े
वन परिक्षेत्र अधिकारी
दिनेश डोंगरे
डिप्टी रेंजर
सतिश कुमारे
डिप्टी रेंजर
चुरन मेरावी
डिप्टी रेंजर
राजेन्द्र मेश्राम
डिप्टी रेंजर
धनसिंह उइके
डिप्टी रेंजर
अध्यक्ष/सचिव- ग्राम वन सुरक्षा समिति

क्षेत्र के सम्माननीय किसान भाईयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रक्रिया व्यय विपणन सहकारी संस्था डोंगरमाली
जी.के. नंदवार
शाखा प्रबंधक
के.एल. भगत
प्रवेक्षक/प्रबंधक
वरिष्ठ लिपिक
श्रीमती संतोषी गौतम
वरिष्ठ लिपिक
दुर्गेश हाइगे
सेवा सहकारी समिति भेंडारा
सेवा सहकारी समिति आरंभा
:वरिष्ठ लिपिकः:
बिहारी लाल मस्करे
सेवा सहकारी समिति नवेगांव
एवं समस्त कर्मचारीगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आर.ई.एस. इकाई 01 व 02 बालाघाट
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग बालाघाट

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जल संसाधन विभाग
वैनगंगा सभांग बालाघाट
योगेन्द्र सिंह ठाकुर
कार्यपालन यंत्री
समस्त अनुविभागीय अधिकारी
एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण व स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
उच्च क्वालिटी गुणवंतापूर्ण निर्माण कार्यो के लिये कृत संकल्पित
गनपत पटेल
राधेश्याम पटेल
सिविल ठेकेदार
में. रायसेन एंड कंपनी बालाघाट

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग बालाघाट
उदय सिंह परते
अधीक्षण यंत्री
लांजी, वारासिवनी, परसवाड़ा
बैहर के एसडीओ एवं समस्त अधिकारीगण

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भारत अड़मे
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरलांजी
डॉ. के.पी.नागेन्द्र
मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी
स्वास्थ्य कर्मचारीगण खैरलांजी, बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सिजोरा, जनपद पंचायत बैहर
सुन्हेर सिंह पुसाम
सरपंच
कमल सिंह मेरावी
सचिव
सोनवती पन्द्रे
मोबीलाईजर
दसवंत धुर्वे
रोजगार सहायक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत कंदला जनपद पंचायत बैहर
श्रीमती लक्ष्मी मेरावी
सरपंच
हनिफ कुरैशी
सचिव
लाल सिंह मेरावी- उपसरपंच

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आदिवासी विकास विभाग बालाघाट
शकुंतला डामोर
सहायक आयुक्त

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत उकवा
जनपद पंचायत परसवाड़ा
श्रीमती रामबती उईके
सरपंच
शिवशंकर तिवारी
उपसरपंच
भजन वल्के
सचिव
प्रीति सहारे
सहा.सचिव
एवं समस्त पंचगण व ग्रामीणजन

ग्राम पंचायत पांढरवानी
जनपद पंचायत लालबर्रा
की ओर से सभी ग्राम वासियों को
विश्व आदिवासी दिवस, रक्षाबंधन, गणेश चतुर्थी, ईद मिलादुन्नबी
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश अग्रवाल
उपसरपंच
अनिश खान
सरपंच
कृष्णा पंचेश्वर
रोजगार सहायक व प्रभारी सचिव
एवं समस्त पंचगण व कर्मचारिगण

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एकीकृत शासकीय हाईस्कूल नांदी
:: शिक्षकगण ::
श्रीमती जयश्री पटले, रूपमश्री गौवंद, नंदकिशोर पटले, एन. शिवराज बड़ीयाते, विजय अगासे.
श्रीमती हेमलता ऐड़े
प्रभारी प्राचार्य
भृत्य:- गोपाल बिसेन, बसंत राव भूरे

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगरपालिका परिषद मलाजखंड
मानसिंह मेरावी
अध्यक्ष
त्रिवेणी गोस्वामी
उपाध्यक्ष
दिनेश बाघमारे
सीएमओ
नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पीआईयू लोक निर्माण विभाग बालाघाट
के.के. सिंगारे
संभागीय परियोजना यंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गढ़ी, जनपद पंचायत बैहर
इतवारी धुर्वे
सचिव
प्रताप सिंह करायत
उपसरपंच
सुश्री रोशनी मेरावी
सरपंच
संभल सिंह धुर्वे
रो.सहायक
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासीगण

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री विचक्षण जैन हॉस्पीटल
मल्टीस्पेशालिटी (प्युरिटी सर्विसेस नागपुर द्वारा संचालित)
हॉस्पीटल क्रिटीकल केयर एवं किडनी डायलिसिस सेंटर
मरीजों को कम दाम में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध
विक्रम चौधरी
प्रबंधक- प्युरिटी सर्विसेज नागपुर
पता:- वार्ड नं. 32, मोती नगर, बालाघाट, सम्पर्क करें :- 9685612023

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत किरनापुर, जनपद पंचायत किरनापुर
श्रीमती धर्मकला रामटेके (भाई जे.पी.)
सरपंच
श्रीमती रोशनी उपाध्याय
उपसरपंच
नरेन्द्र डहरवाल
सचिव
एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी किरनापुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनपद पंचायत परसवाड़ा
संमलसिंह धुर्वे
अध्यक्ष
डी.आर उयके
सी.ई.ओ.
कांति राहंगडाले
जनपद उपाध्यक्ष
एवं समस्त सदस्यगण व कर्मचारीगण

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप उइके
प्राचार्य
शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा
एवं समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
घनश्याम सोनी
प्राचार्य
शासकीय हाई स्कूल डोंगरिया
एवं समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खुश्याल मेरावी
प्राचार्य
शासकीय हाई से. स्कूल अरंडिया
एवं समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
होली होम इंग्लिश स्कूल बालाघाट
मधु हरपाल
प्राचार्य
समस्त स्कूल स्टॉफ, बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सुधन्वा सिंह नेताम
शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड
महेश धुर्वे
प्राचार्य
समस्त महाविद्यालय स्टॉफ, मलाजखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत चीनी, जनपद पंचायत परसवाड़ा
श्रीमती प्रमिला रामचंद उइके
सरपंच
भावेश चौधरी
प्रभारी सचिव
निर्मल करटे
उपसरपंच
एवं पंचगण व ग्राम वासी गण

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोनेश्री सरकार
प्राचार्य
एकीकृत शासकीय हायर सेकेण्डी स्कूल भरवेली, बालाघाट

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तिलक गौतम
प्राचार्य
शासकीय हाई स्कूल जागपुर
जिला- बालाघाट

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी.एस.घरड़े
प्राचार्य
पीएम श्री शासकीय विद्यालय अमेड़ा, बालाघाट

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पी.एल. बिसेन
प्राचार्य
शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चरेगांव, बालाघाट

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद वाड़िवा
प्राचार्य
शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल डोरा, परसवाड़ा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वंसती मंडलेकर
प्राचार्य
शासकीय उच्चतर/हाई स्कूल भटेरा चौकी, बालाघाट

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र सिंह टेकाम
प्राचार्य
शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गढ़ी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. योगिता रावते
प्राचार्य
शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परसामऊ, विकासखंड- बैहर

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एन.के. वैद्य
प्राचार्य
शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल निक्कुम, वि.ख.-बिरसा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
योगराज चौहान
प्रभारी प्रबंधक
लेखापाल, लिपिक
एवं समस्त स्टॉफगण
सेवा सहकारी समिति नांदी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिचंद डहेरिया
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी
कृषि विभाग कटंगी के समस्त स्टॉफ

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन ट्रेवल्स बालाघाट
यात्रियों के लिए सर्वसुविधा युक्त सफर
प्रो. पंकज मंगे, पवन मंगे

# कैबिनेट मंत्री ने किया ध्वजारोहण, लोकतंत्र सेनानी समाजसेवी और अधिकारी कर्मचारी किए गए सम्मानित

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके रहीं। मुख्य अतिथि के आगमन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रगीत के पश्चात मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ समारोह स्थल देशभक्ति के भाव से गूंज उठा ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया विभिन्न टुकड़ियों ने अनुशासित एवं आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

इसके पश्चात हर्ष फायर हुआ मुख्य अतिथि ने परेड मार्च का अवलोकन किया तथा परेड कमांडर से परिचय प्राप्त किया समारोह में मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सीधा प्रसारण किया गया इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने अपना बधाई संदेश एवं उद्बोधन दिया अपने उद्बोधन में श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के त्याग तपस्या एवं बलिदान का स्मरण कराता है जिनके संघर्ष और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत मिला।



आज हमारा दायित्व है कि हम उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार मंडला के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिले में खेल एवं युवा कल्याण के क्षेत्र में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए 6 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। मंडला में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय के निर्माण के लिए 1.15 करोड़ रुपये, नैनपुर में संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय के लिए 11.06 करोड़ रुपये तथा मंडला में तहसील कार्यालय भवन के लिए 8.10 करोड़ रुपये के कार्य किए जा रहे हैं मंडला से डिंडोरी मार्ग के निर्माण के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत है तथा कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भी अनेक सड़कों का निर्माण एवं उन्नयन किया जा रहा है मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



मंडला जिला चिकित्सालय परिसर में क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण के लिए 16.63 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही अस्पताल की अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए अन्य निर्माण कार्य भी किए जा रहे हैं समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों लोकतंत्र सेनानियों तथा कारगिल में शहीद हुए वीर सैनिकों के परिवारों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती संपतिया उइके ने शहीद परिवारों के सदस्यों का सम्मान कर राष्ट्र के लिए उनके त्याग साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मोंटफोर्ट हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यालय के विद्यार्थियों ने सारे जहां से अच्छा गीत पर शानदार प्रस्तुति देकर खूब सराहना प्राप्त की। द्वितीय स्थान रानी अवंती बाई हायर सेकेंडरी स्कूल, तृतीय स्थान शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय तथा सांत्वना पुरस्कार ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्राप्त हुआ समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने सम्मानित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में कन्हरगांव के निवासी एवं समाजसेवी उत्तम नंदा को उनके अतुलनीय पर्यावरणीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया श्री नंदा ने पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए स्वयं के व्यय पर एक विस्तृत क्षेत्र में व्यापक पौधारोपण किया है।



## वांशिका कंन्सट्रक्शन की पहल, मंत्री ने बांटे बैग

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला जंतीपुर में वांशिका कन्ट्रक्शन द्वारा अध्ययनरत बच्चों को स्कूली बैग वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी उपस्थित रहे। यहां पर लगभग 250 बच्चों को स्कूली बैग दिए गए। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि वांशिका कन्ट्रक्शन पीड़ित मानवता की सेवा को लेकर लंबे समय से काम कर रही है। वहीं जरूरतमंदो को समय-समय पर मदद भी करती है यहीं नही कम्पनी हर साल स्कूल में बच्चों को बैग कापी किताब सहित स्टेशनरी सामग्री वितरण करती है जो कि अच्छी पहल है। स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे मंत्री ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कार्यक्रम के पूर्व मां सरस्वती का पूजन किया और विद्यार्थियों के साथ विशेष भोज में सहभागिता की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विद्यार्थियों के बीच पंक्ति में बैठकर आत्मीय वातावरण में भोजन किया मंत्री को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह और प्रसन्नता दिखाई दी इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उनके साथ सहज एवं आत्मीय संवाद किया इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर में ध्वजारोहण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर पर मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज फागवानी ने ध्वजारोहण किया। विशेष बच्चों के लिए संचालित इस पुनर्वास केंद्र में विशेष तरीके से स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसमें विशेष बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों को हैरत में डाल दिया। बता दे कि जिले में अपनी तरह का अनोखा मुस्कान रिहेबिलिटेशन सेंटर मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित है। इस केंद्र में असेसमेंट एवं थेरेपी सर्विस फॉर चिल्ड्रन प्रोवाइड की जाती है। पूर्णतः



निःशुल्क इस केंद्र में जरूरतमंद बच्चों को ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथैरेपी स्पीच थेरेपी और स्पेशल एजुकेशन उपलब्ध कराई जाती है। यहां ऐसे बच्चों के जीवन को आसान बनाने की कोशिश की जाती है जिनको व्यवहार संबंधित परेशानियां है। जैसे ध्यान लगाना बिस्तर गीला करना वॉशरूम ट्रेनिंग खाने की समस्या को दूर करता है। इस केंद्र में शैक्षणिक समस्या से भी बच्चों को निजात दिलाने की कोशिश की जा रही है जिसमें शामिल है खाने की तकलीफ वाले बच्चों की मुश्किल को आसान करना और उन्हें आसानी से खाना खाने के लिए तैयार करना। उनकी पढ़ाई की समस्या को दूर करना उनकी समझने की कमी को दूर करना हैंडराइटिंग प्रॉब्लम को दूर करना और गणित की समस्या को दूर करना। इसके अलावा व्यक्तित्व संबंधित परेशानियों को लेकर भी यहां के दक्ष ट्रेनर बच्चों की चिंता बातचीत करने में परेशानी, डरने की समस्या अतिबातूनीपन की समस्या को भी दूर करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, विकास में विलंब, स्पीच प्रॉब्लम व सीखने की कमी जैसी समस्याओं पर भी कारगर कार्य किया जा रहा है। समारोह के दौरान श्रीमती मंजू फागवानी, डॉ. अंकित पटेल, डॉ. राशि पटेल, बच्चे व उनके अभिभावक और स्टाफ उपस्थित था।

## बी.के. राय बने संभागीय अध्यक्ष

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने मंडला के जिलाध्यक्ष बीके राय को एक बड़ी जिम्मेदारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के जबलपुर संभाग में संभागीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। जबलपुर संभाग के अध्यक्ष बनाए जाने से पेंशनर एसोसिएशन में हर्ष व्याप्त है। जो जिले के लिए गर्व की बात है इस नियुक्ति पर जिले के जिला शाखा के पदाधिकारियों, तहसील शाखा, विकासखंड शाखाओं व कार्यकर्ताओं में हर्ष जाहिर करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार दुबे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## किड्जी ब्रेन चाइल्ड में स्वतंत्रता दिवस

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** किड्जी सिविल लाइंस एवं ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति देशभक्ति गीत नृत्य भाषण नाटिका और विभिन्न ड्रिल्स के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को यादगार बनाया। किड्जी सिविल लाइंस परिसर बच्चें का उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम की भावना को जीवंत किया। वहीं ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस समारोह की थीम हृदय में स्वतंत्रता का भाव हाथों में कर्तव्य का संकल्प रही। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण



एवं गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पद-ग्रहण समारोह के अंतर्गत नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों का औपचारिक परिचय कराया गया। हेड बॉय अनुराज रावत एवं हेड गर्ल एंजल कुकरेजा ने विद्यार्थियों को नेतृत्व अनुशासन और सेवा भावना का संकल्प दिलाया। किड्जी सिविल लाइंस का कार्यक्रम प्राचार्या शालिनी शुक्ला के मार्गदर्शन एवं स्कूल कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का समारोह निर्देशक निशांत शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. दिव्या शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ कार्यक्रम के सफल संचालन में वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर्स सोनिया जैन, राजुल सिंहानी सहित विद्यालय के शिक्षकों की भूमिका रही।

## पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनजीओ तरु मित्र फाउंडेशन नारायणगंज द्वारा विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पंचायत परिसर में संस्था के सदस्यों ने आंवला एवं कटहल सहित तीन फलदार पौधों का रोपण किया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पड़रिया द्वारा मुक्तिधाम परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें करीब दस छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण हुआ। पौधरोपण के साथ ही तरु मित्र फाउंडेशन के सदस्यों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का



संकल्प लिया। प्रत्येक गुरुवार को फाउंडेशन द्वारा नियमित रूप से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्था के सदस्य अलग-अलग स्थानों पर पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

इस अवसर पर एनजीओ सदस्य मन्नू ठाकुर, आलोक साहू, अभिलाष शर्मा, शुभम जैन, अब्बू साहू, धर्मेंद्र अग्रवाल, अनिल शर्मा, मयंक अग्रवाल, ब्रजेश सिंगरोरे, मनीष बर्मन, जितेंद्र श्रीवास, अजय पंचेश्वर, भागचंद तेकाम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पंप डकैती का पुलिस ने किया खुलासा

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

जबलपुर-मंडला सीमा क्षेत्र स्थित चौंकी मनेरी के अंतर्गत अतुलित फिलिंग सेंटर पेट्रोल पंप पर हुई डकैती का पुलिस ने सफलता पूर्वक पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई राशि में से 50 हजार 500 नकद और वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी20/जेडएक्स/1968 जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 9 अगस्त की मध्यरात्रि सात अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों को



हथियारों से भयभीत कर 93,875 नकद लूट लिए थे।

घटना के संबंध में थाना बीजाडांडी की चौंकी मनेरी में अपराध क्रमांक 195/2026 धारा 310(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। मामले की जांच के लिए 8 विशेष पुलिस टीमों में 40 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को लगाया गया पुलिस टीमों ने घटना स्थल और आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण कर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य जुटाए।

पुलिस टीमों ने मनेरी से लेकर जबलपुर के बरेला भूकम्प कॉलोनी और मेडिकल कॉलेज क्षेत्र तक सुरागों का सत्यापन किया तथा संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसके परिणामस्वरूप 15 और 16 अगस्त को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस ने मामले में अमित झारिया निवासी मनेरी क्षेत्र, पवन झारिया निवासी भूकम्प कॉलोनी मेडिकल कॉलेज क्षेत्र जबलपुर सौरभ शर्मा निवासी भूकम्प कॉलोनी मेडिकल कॉलेज क्षेत्र जबलपुर और शिवम श्रीपाल निवासी पुरवा गढ़ा जबलपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर कुल 30,000 का इनाम घोषित था जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000 तथा पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन द्वारा 20,000 का इनाम शामिल था गिरफ्तार आरोपियों को विधि अनुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।



## एकलव्य विद्यालय में हुए कार्यक्रम

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में देशभक्ति एवं उत्साह के साथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः विद्यालय परिसर में प्राचार्या द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया तथा राष्ट्रीय गीत के साथ ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रेरणादायक भाषण कविता पाठ समूह नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। अपने संबोधन में प्राचार्या ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन कर्तव्यनिष्ठा संविधान के प्रति सम्मान तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा संस्कार एवं जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के महत्व पर भी बल दिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को मिष्ठान्न वितरित किया गया।

## नैनपुर में आन-बान और शान से लहराया तिरंगा, गूंजा देशभक्ति का संदेश





**नैनपुर (स्वतंत्र मत )।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नैनपुर नगर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। नगर के विभिन्न स्थानों पर आन-बान और शान के साथ तिरंगा लहराया गया। राष्ट्रभक्ति के नारों, देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य आयोजन नगर पालिका प्रांगण में आयोजित किया गया। यहां नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी ने ध्वजारोहण किया तथा एनसीसी, स्काउट-गाइड और विद्यार्थियों की परेड की सलामी ली। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' से हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में नगर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई, जो देशभक्ति के नारों से नगर की गलियों को गुंजायमान करती रही।

**फिल्टर प्लांट में उपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण** - कार्यक्रम के द्वितीय चरण में वार्ड कमांक 7 इटका फिल्टर प्लांट में उपाध्यक्ष श्रीमति संजू लता वैष्णव के द्वारा 9.30 बजे ध्वजारोहण किया। राष्टगीत गायन पश्चात सभी उपस्थित वार्ड के गणमान्य नागरिको को मिष्ठान वितरण कर सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

**चिल्ड्रन पार्क एंव चौराहे में ध्वजारोहण** - तृतीय चरण में 10.30 बजे वार्ड क्रमांक 11 चिल्ड्रन पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी पार्षद राजा शर्मा, उपाध्यक्ष संजू लता वैष्णव, नितिन ठाकुर, सुनील विश्वकर्मा व वरिष्ठ नागरिक हरी सिंह ठाकुर, कमालुद्दीन , राजकुमार पंजवानी सहित अन्य वार्डवासियों महिलाओ पुरुषो की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 14 बालाघाट चौराहे पर स्थित 100 फ़ीट ऊंचे तिरंगा स्थल पर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी एंव व अन्य पार्षदों जनप्रतिनिधियों वार्ड वासियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया।



## इनामी दंगल में अक्षत पहलवान जबलपुर ने मारी बाजी

**नैनपुर (स्वतंत्र मत )।** अनेक वर्षों से उस्ताद स्व0नंन्दलाल पीपरे की स्मृति में उनके शिष्य पट्ठा पहलवान डिल्ली सिंह झारिया के द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दंगल का आयोजन करते आ रहे है इस वर्ष भी 15 अगस्त के दोपहर बाद बस स्टैंड परिसर में मंडला, सिवनी, छिन्दवाड़ा सिहोरा , कटनी सहित अन्य स्थानों के नामी गिरामी पहलवानों की उपस्थिति में दंगल का शुभारंभ हुआ जहां जबलपुर के पहलवान अक्षत और भाटीवाडा के विनोद पहलवान के बीच जोरदार मुकाबला हुआ जिसमें जबलपुर के अक्षत पहलवान ने अपना परचम लहराया। इस आनंदमय कुश्ती के आयोजक में कुश्ती प्रेमियों ने जमकर आनंद उढाया।

**कार्यालय नगर परिषद निवास जिला मण्डला मप्र**

Email.Id.Us At: cmoniwas@mpurban.gov.in
Office Ledline. No. 07641-231300

क्र./न.परि./2026/426 निवास दिनांक 14/08/2026

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम निवास को सूचित किया जाता है कि निवास पटवारी हल्का नंबर 36 स्थित खसरा नंबर 352/1 रकवा 11.92 हेक्ट. में से 0.0050 चौपाटी निर्माण हेतु वार्ड क्रमांक 05 सिविल लाईन में डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापना हेतु नगर परिषद निवास को उपरोक्त भूमि आवंटन प्रयोजनार्थ हस्तांतरण।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद निवास**

संपादकीय

## हंगामेदार 18 दिन

राहुल गांधी और अमित शाह बुनियादी तौर पर दोनों लोकसभा सांसद हैं। चूंकि राहुल विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के संसदीय दल के नेता हैं, लिहाजा उन्हें 'नेता प्रतिपक्ष' तय किया गया है। अमित शाह प्रधानमंत्री मोदी की कैबिनेट के सदस्य हैं और उन्हें 'गृहमंत्री' का दायित्व सौंपा गया है। दोनों ही नेता संसद से 'सुप्रीम' नहीं हैं। दोनों ही संसद के प्रति जवाबदेह हैं और नियम-प्रक्रिया से बंधे हैं। दिल्ली में छात्र, युवा आंदोलन के बाद गृहमंत्री अमित शाह संसद में दिखाई नहीं दिए। संसद भवन के अपने चेंबर में उपस्थित रहना और सदन में मौजूदगी बिल्कुल विपरीत स्थितियां हैं। गृहमंत्री को दोनों सदनों में बयान देकर आंदोलन के दौरान, उसके बाद और प्रदर्शनकारियों पर बर्बर हमलों को लेकर पहले ही स्पष्टीकरण दे देना चाहिए था। यह उनका संवैधानिक दायित्व था।

राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष यह मांग लगातार करता रहा कि गृहमंत्री सदन में आएं और बताएं कि पैलेट गन क्यों चलाई गई? कीलों वाली लाठियां क्यों भांजी गईं? किसने आदेश दिया था? गृहमंत्री के लिए 'गायब, लापता, भगोड़े, भाग गए' सरीखे शब्द विपक्ष ने इसीलिए इस्तेमाल किए, क्योंकि न तो गृहमंत्री सामने आए और न ही बयान दिया। इन अमर्यादित, असंसदीय शब्दों की नौबत नहीं आनी चाहिए थी। नतीजा यह हुआ कि संसद की कार्यवाही निरंतर स्थगित होती रही। मॉनसून सत्र 20 जुलाई को शुरू हुआ था और बुधवार, 12 अगस्त, तक 18 दिनों की बैठकें हुईं, लेकिन लोकसभा में कुल 17 घंटे भी काम नहीं किया जा सका। विपक्ष के हंगामे, शोर, नारेबाजी के बीच ही 59 मिनट में 9 बिल ध्वनि-मत से पारित करने पड़े। हरेक बिल पर औसतन 3-5 मिनट खर्च किए गए और किसी भी बिल पर कोई चर्चा नहीं की गई। राज्यसभा में भी करीब 31 फीसदी काम किया जा सका। इन 18 दिनों में देश के करदाताओं के 118 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पर पानी फेर दिया गया, जबकि सांसदों के भत्ते 'अलग खर्च' हैं। क्या इसी तरह देश का पैसा फूंकने और बिना चर्चा के बिल पारित करने को ही संसद बनी है?

यहां यह भी प्रासंगिक है कि संसद अब साल में औसतन 50-65 दिन ही जुटती है और उस दौरान भी हंगामा मचा रहता है। अमरीका, ब्रिटेन, जापान जैसे देशों में संसद साल में 140-160 दिन काम करती है। यह तुलना भारत के अधिकतर 'माननीय' नहीं जानते होंगे! बहरहाल जब मॉनसून सत्र 'साइनेडाई' (अनिश्चितकाल के लिए स्थगित) होने को आया, तो गृहमंत्री अमित शाह सामने आए और हर सवाल का जवाब देने की बात कही। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब सदन में हंगामा मच रहा था, कार्यवाही लगातार स्थगित करनी पड़ रही थी, तो वह सदन में आकर क्या करते? यहां सवाल यह भी है कि क्या गृहमंत्री हंगामे, नारेबाजी के बीच सदन में कभी भी नहीं गए? क्या शोर-शराबे में ही उन्होंने अपनी बात नहीं रखी? अनुच्छेद 370 खत्म किया जा रहा था, तो सदन में विपक्ष ने कितना शोर मचाया था? क्या गृहमंत्री ने अपना प्रस्ताव नहीं पढ़ा? बहरहाल सदन की प्रक्रिया तो स्पीकर तय करते हैं। उस संदर्भ में कार्य मंत्रणा समिति में निर्णय लिया जाता है, जिसमें लगभग सभी प्रमुख दलों के प्रतिनिधि होते हैं। गृहमंत्री से भी अपेक्षा थी कि विपक्ष सुनता या गैर-हाजिर रहता अथवा हंगामा मचता रहता, उन्हें अपना वक्तव्य देना चाहिए था, ताकि वह संसद के रिकॉर्ड में दर्ज हो जाता। यही देशहित था। संसद में केवल हंगामेबाजी हो और जनहित के मसलों पर कोई चर्चा ही न हो, तो यह लोकतंत्र को मजबूत नहीं बनाएगा।

# संसद की गरिमा और 'दिमागी नक्सली' की राजनीति



भूपेन्द्र गुप्ता
लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं।

भारतीय संसद केवल सत्ता और विपक्ष के बीच राजनीतिक संघर्ष का मंच नहीं है। यह वह संवैधानिक मंच है जहाँ सरकार को जवाब देना होता है और असहमति को लोकतांत्रिक वैधता मिलती है। इसलिए जब प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च निर्वाचित पद पर बैठे व्यक्ति किसी राजनीतिक दल या उसके विचारों को 'अर्बन नक्सल' अथवा 'दिमागी नक्सली' जैसी संज्ञा देते हैं, तो यह केवल राजनीतिक भाषण का प्रश्न नहीं रह जाता। सवाल यह भी उठता है कि ऐसे आरोप का वस्तुनिष्ठ आधार क्या है? इस प्रश्न का उत्तर स्वयं सरकार के संसदीय रिकॉर्ड में मिलता है। 11 मार्च 2020 को राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की सांसद शांता छेत्री ने गृह मंत्रालय से पूछा था कि 'अर्बन नक्सल' कौन हैं और सरकार ने उनकी कोई परिभाषा निर्धारित की है या नहीं। तत्कालीन गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने लिखित उत्तर में स्पष्ट कहा था- The phrase Urban Naxals is not used by the Ministry of Home Affairs, Government of India. यानि अर्बन नक्सल शब्द भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा उपयोग नहीं किया जाता साथ ही सरकार ने कहा कि लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिस्म से निपटने की उसकी राष्ट्रीय नीति में शहरी गतिविधियाँ भी शामिल हैं।

अर्थात सरकारी रिकॉर्ड में 'अर्बन नक्सल' कोई परिभाषित कानूनी अथवा प्रशासनिक श्रेणी नहीं है। इसके बावजूद फरवरी 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस की सोच को अर्बन नक्सल माइंड सेट से प्रभावित बताया। यहाँ स्वाभाविक प्रश्न है- यदि यह कोई सरकारी श्रेणी नहीं है तो इसका मानदंड क्या है?

क्या 'नक्सली' वह है जिसका प्रतिबंधित माओवादी संगठन से संबंध हो? क्या वह व्यक्ति जो हिंसा का समर्थन करता हो? या फिर वह भी जो सरकार की आर्थिक, सामाजिक अथवा राजनीतिक नीतियों से असहमत हो? पहली दो स्थितियों में कानून स्पष्ट है और प्रमाण के आधार पर कार्रवाई की जा सकती है। लेकिन तीसरी स्थिति लोकतंत्र के लिए चिंताजनक होगी। क्योंकि तब राजनीतिक असहमति को राष्ट्र-विरोध या उग्रवाद की छाया में रखने का रास्ता खुल जाता है।

### कसौटी सबके लिए समान क्यों नहीं?

इसी संदर्भ में राम माधव और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ उनके राजनीतिक संवाद का उल्लेख प्रासंगिक है। 2009 में वे बीजेपी-आरएसएस के उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने चीन जाकर कम्युनिस्ट पार्टी आफ चाईना के नेताओं के साथ संवाद किया। 2014 में इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने कम्युनिस्ट पार्टी आफ चायना के इंटरनेशनल डिपार्मेंट के निमंत्रण पर चीन में संवाद किया, जिसमें राम माधव भी शामिल थे। बाद के वर्षों में भी बीजेपी नेताओं और सीपीसी के बीच संवाद तथा राम माधव की सीपीसी नेताओं से मुलाकातें हुईं। लेकिन इन यात्राओं को 'माओवादी प्रभाव' का प्रमाण कहा जा सकता है? राजनीतिक दलों के बीच अंतरराष्ट्रीय संवाद अपने-आप में किसी विचारधारा के अनुकरण का प्रमाण नहीं है। स्वयं इंडिया फाउंडेशन ने 2014 के संवाद का



उद्देश्य भारत-चीन संबंधों और क्षेत्रीय- अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श बताया था। यहीं असली सवाल सामने आता है- यदि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संवाद करना अपने-आप में माओवादी होना सिद्ध नहीं करता, तो किसी व्यक्ति के किसी विचार अथवा राजनीतिक रुख को 'अर्बन नक्सल' कहने के लिए भी उससे कहीं अधिक ठोस प्रमाण की आवश्यकता होगी। यही लोकतंत्र में समान कसौटी का प्रश्न है।

### 'नक्सली' शब्द का राजनीतिक इस्तेमाल

'नक्सली' शब्द भारत में केवल एक वैचारिक विशेषण नहीं है। वह हिंसक माओवादी उग्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इसलिए किसी विपक्षी नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी अथवा नागरिक को 'नक्सली' या 'दिमागी नक्सली' कहना उसके विचार की आलोचना से आगे जाकर उसकी देशभक्ति पर संदेह पैदा करता है। राजनीतिक बहस में यह एक प्रभावी हथियार हो सकता है। इससे चर्चा नीति से हटकर पहचान पर चली जाती है- कौन देशभक्त है और कौन नहीं। परिणाम यह होता है कि आर्थिक नीति, सामाजिक न्याय, संघवाद, बेरोजगारी या लोकतांत्रिक संस्थाओं जैसे वास्तविक प्रश्न पीछे चले जाते हैं। सरकार के पास वास्तविक माओवादी हिंसा से लड़ने का पूरा अधिकार और दायित्व है। यदि किसी व्यक्ति के प्रतिबंधित संगठन से संबंध हैं, वह हिंसा को बढ़ावा देता है या किसी आतंकी गतिविधि में शामिल है तो उसके विरुद्ध कानून का इस्तेमाल होना चाहिए। लेकिन इसके लिए 'दिमागी नक्सली' जैसे अस्पष्ट राजनीतिक विशेषण की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

### संसद की भाषा की जिम्मेदारी

प्रधानमंत्री को विपक्ष की कठोर आलोचना करने का पूरा अधिकार है। लेकिन पद जितना ऊँचा होता है, शब्दों की जिम्मेदारी उतनी ही अधिक होती है। संसद में प्रयुक्त भाषा राजनीतिक समर्थकों के बीच ही नहीं रहती; वह पूरे समाज के राजनीतिक विमर्श को प्रभावित करती है। इसलिए प्रश्न यह नहीं है कि प्रधानमंत्री विपक्ष की आलोचना क्यों करते हैं। प्रश्न यह है कि क्या संसद के मंच पर ऐसे आरोप लगाए जाने चाहिए जिनकी कोई स्पष्ट सरकारी परिभाषा ही मौजूद नहीं है? यदि 'अर्बन नक्सल' की कोई प्रमाणित कसौटी है तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति पर माओवादी संगठन से संबंध का आरोप है तो प्रमाण सामने रखे जाने चाहिए। लेकिन यदि केवल सरकार से असहमति, वैकल्पिक आर्थिक दृष्टिकोण या आलोचनात्मक विचार को 'दिमागी नक्सलवाद' कहा जाने लगे, तो यह लोकतांत्रिक बहस को संकुचित करने वाली प्रवृत्ति होगी। लोकतंत्र में सत्ता की सबसे बड़ी शक्ति उसका बहुमत नहीं, बल्कि अपने विरोधी के विचार को तर्क से पराजित करने की क्षमता है। किसी विरोधी को 'नक्सली' कह देना राजनीतिक रूप से सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन उसके तर्क का उत्तर नहीं है।

संसद की गरिमा इसी में है कि वहां राष्ट्रवाद के प्रमाणपत्र न बाँटे जाएँ, बल्कि नीतियों, विचारों और कार्यों का प्रमाण के आधार पर मूल्यांकन हो। एक लोकतंत्र में कसौटी व्यक्ति की राजनीतिक पहचान नहीं, उसका आचरण और प्रमाण होना चाहिए- और यह कसौटी सत्ता पक्ष तथा विपक्ष, दोनों के लिए समान होनी चाहिए।यही लोकतांत्रिक मर्यादाओं का तकाजा है।



## कृत्रिम वेदनाओं-संवेदनाओं के दौर में प्लास्टिक के नोट

तिरछी नजर
अशोक गौतम

अबके मेरे जन्मदिन पर मेरी बीवी ने मुझे पता नहीं क्या सोच कर, क्यों सोचकर बटुआ गिफ्ट कर दिया? जबकि हर महीने की दस तारीख के बाद मेरी लगभग हर जेब खाली रहती है। तब उसके द्वारा अपने को यह गिफ्ट देने पर हंसी भी आई। पगली ने गिफ्ट में दिया भी तो क्या दिया! गिफ्ट देना ही था तो कम से कम मुझसे पूछ कर तो देती कि मुझे किस चीज की सख्त जरूरत है तो गिफ्ट देने लेने का मजा कुछ और ही होता। पर अपने समाज में किसी को गिफ्ट उसकी जरूरत के हिसाब से नहीं, अपनी पसंद के हिसाब से दिया जाता है, जो किसी के भी हिसाब से कतई सही नहीं। अरे, हम कौन-सा रोज रोज किसी को गिफ्ट देते हैं? देते भी हैं तो कौन-सा अपनी खुशी का देते हैं, मन-मसोस कर ही तो देते हैं। साल में जब एक बार गिफ्ट देना है तो गिफ्ट लेने वाले से भी जो पूछ लिया जाए कि हे डियर! तेरे बर्थ डे पर बता! तुझे क्या गिफ्ट दिया जाए? तो गिफ्ट का मजा ही कुछ और हो।

गिफ्ट बीवी का दिया था, सो बटुआ खाली होने पर भी उसे जेब से लगाए रखता।

आज सैलरी मिली तो मैंने सारे पैसे हंसते हुए बटुए के पेट में भर उसे पैंट की पिछली जेब में लोरी सुना सुला दिया। पर एकाएक मुझे लगा कि भरा पेट होने के बाद भी जैसे मेरा बटुआ रो रहा है। हद है यार! पेट भरा होने के बाद भी रो रहा है? मैं तो खाली पेट होने पर भी कभी नहीं रोया। मैंने जेब में हाथ डाल गुस्साते कान से पकड़ बटुआ बाहर निकाला, पर वह नहीं रो रहा था। फिर मुझे बटुए के भीतर से रोने की आवाज आई। देखा तो बटुए में रखा नोटों का हेड रो रहा था। माजरा मेरी समझ से बाहर था, सो उससे पूछ बैठा, 'रे रुपए! नेताओं की तरह ये क्या नौंटकी है?'

'मैं बहुत दुखी हूं। सुना है सरकार मेरी देह तत्व बदल रही है?


'तो क्या हो गया! जब तेरे उपभोक्ताओं का देह तत्व बदलने से लाइफ एक्सपेक्टेंसी बढ़ गई है तो तेरी भी तो बढ़नी चाहिए कि नहीं? भले ही डॉलर के मुकाबले तुम्हारी आत्मा की रेट एक्सपेक्टेंसी बढ़े या न।'

'बरसों से मेरे कागजी शरीर से प्रेम करने वालों को मेरी प्लास्टिकी देह अजीब नहीं लगेगी क्या?'

'शुद्ध घी को नकली घी ने बदला तो हमें अजीब लगा क्या? शुद्ध दूध को नकली दूध ने बदला तो हमें अजीब लगा क्या? बंधु! जो कुछ भी यहां होता है, समाज की डिमांड के हिसाब से होता है, हमारी च्वायस के हिसाब से नहीं। आज जब वेदनाओं से लेकर संवेदनाएं तक सब प्लास्टिक की हो चुकी हैं तो ऐसे में तुम कागज के क्यों?' बीसियों परेशानियों की उपज दार्शनिक ने धीर गंभीर हो कहा तो उसने बटुए से बाहर निकल मेरे पांव छुए और चुपचाप बटुए में दुबक गया।

# ये कहां आ गये हम?

सदी के सिनेनायक की एक लोकप्रिय और हिट फिल्म के गीत के शुरूआती बोल हैं 'ये कहां आ गये हम', गीत का प्रश्नातुर मुखड़ा इस आशय का कोई संकेत नहीं देता



डॉ. सुधीर सक्सेना
स्वतंत्र पत्रकार

कि नायक-नायिका किस मकाम पर आन पहुंचे हैं? दिलचस्प तौर पर यह मुखड़ा इस महादेश की सियासत और जम्हूरियत के सन्दर्भ में भी प्रासंगिक है। घटनाक्रम तीखा है और नुकीले तीक्ष्ण प्रश्न खड़े करता है। सिर्फ अंदाज लगाया जा सकता है कि देश-दुनिया किस दिशा में अग्रसर है। जानना जरूरी है कि हम किस धरातल या पायदान पर हैं, या हम किसी जंपिंग बोर्ड पर हैं?

इधर लगभग रोजाना जो खबरें मिल रही हैं, वे भयावह हैं। उनके लिये चिंताजनक शब्द सचमुच छोटा है। ऐसी खबरें अपने गर्भ में अत्यंत अनिष्टकारी और खतरनाक आशंकाओं को समेटे हुये हैं। ज्यादा पीछे न जायें। इसी अगस्त मास की खबर है। आठ अगस्त को उत्तराखंड में हल्द्वानी में एक सभा हुई। सभा को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, अध्यक्ष और सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने संबोधित किया। सभा संपन्न हो गयी। कोई बड़ी बात नहीं। गंभीर और बड़ी बात वह है, जो इसके बाद घटित हुई। उसके बाद कथित सनातनी तत्वों ने वहां शुद्धिकरण के लिये हवन किया। यह एक शर्मनाक कृत्य था। उत्तराखंड में बीजेपी की सरकार है, लेकिन सरकार की भृकुटि में बल नहीं पड़े। खड़गे ने जब यह मामला संसद में उठाया तो न तो प्रधानमंत्री का बयान आया और न ही गृहमंत्री का। कार्रवाई होने की बात तो दूर, जेपी नड्डा ने यह कहकर कर्त्तव्यों की इतिश्री कर ली कि मामले की जांच होगी। यह घटना अपनी तरह की इकलौती या अपूर्व घटना नहीं है। मई, सन 2024 में सपा-नेता अखिलेश यादव के साथ भी कन्नौज के गौरीशंकर मंदिर में ऐसा ही हुआ था। तब भी मंदिर को गंगाजल से धोया गया था। अप्रैल, सन 25 में राजस्थालन में अलवर में टीकाराम जूली के साथ यही हुआ था। बीजेपी के ज्ञानदेव आहुजा सुर्खियों में उभरे थे। प्रकरण बहुतेरे हैं। इन प्रकरणों में क्या कार्रवाई हुई? कार्रवाई के नाम पर सिफर के पीछे कौन सी शक्तियां और मानसिकता काम कर रही है? अध्योध्या में भव्य और विराट मंदिर बना। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को क्यों नहीं बुलाया गया? क्या स्त्री और आदिवासी होने से वह अपात्र हो गयीं? सोचने की बात है कि धर्म-ध्वजाधारी कैसे धर्म की दुहाई दे रहे हैं और वे धर्म के पोषक हैं अथवा अधर्म के?



खड़गे परिपक्व और जुझारू नेता हैं, जो कहते हैं कि मुझमें लड़ने की शक्ति है और मैं लड़ता हूं। वह कोई रियायत नहीं मांगते। वह नौ बार एमएलए और पांच बार एमपी रहे हैं। अखिलेश की पृष्ठभूमि भी सबको ज्ञात है। जब अखिलेश और खड़गे के साथ ऐसा घृणित सलूक हो सकता है तो सोचकर ही कंपकपी आती है कि कथित सनातनियों के मन में कैसी आसुरी शक्तियां पनप चुकी हैं और इस घटनाक्रम की अंतिम परिणति क्या होगी? सोचने की बात है कि तब दलितों, वंचितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों का क्या होगा? ये घटक ही तो हमारे जनगण की संरचना करते हैं।

एक और खबर। तारीख के मान से ताजा खबर। वर्ष 2013 में मुजफ्फर नगर दंगों से जुड़े मामले में विशेष एमपी, एमएलए अदालत ने 25 कार्यकर्ता आरोपियों के खिलाफ मुकदमे वापस लेने की अभियोजन पक्ष की याचिका को स्वीकार कर लिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का यह फैसला प्रश्न खड़े करता है। यह प्रश्न पश्चिमी उत्तरप्रदेश की राजनीति में गेमचेंजर सिद्ध हुआ था। सोचने की बात है कि ताजा फैसले से किसे गिज़ा मिलेगी और किसे हवा? खबरों की लड़ी में ताजा खबर है – गुजरात से जहां जेएनयू में स्कूल आफ सोशल साइंसेज की पूर्व डीन, ज्यूरिख, पेरिस और एडिनवर्ग में विजिटिंग प्रोफेसर और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य रही प्रो. जोया हसन को सरदार पटेल कॉलेज में मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाये जाने के बावजूद राष्ट्रध्वज फहराने और बोलने से रोक दिया गया।

गौरतलब है कि पिछली दहाई में देश में क्या हुआ है? लोकतंत्र की गाड़ी का स्टीयरिंग व्हील किन हाथों में है और उसे कितने कोण से मोड़ा गया है? संवैधानिक संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों की दशा और दिशा पर पोथियां लिखी जा सकती हैं। क्या हमें इन पर श्वेत-पत्र की जरूरत है? यह अकारण नहीं है कि नलसर, हैदराबाद विश्वविद्यालय के कानून के छात्र दीक्षांत समारोह में सुप्रीम कोर्ट के सीजे के हाथों डिग्रियां लेने का विरोध करते हैं। कानून के छात्रों के लिये सीजेआई के हाथों सनद लेना गर्व की बात होनी चाहिये थी, मगर वे ऐसा नहीं चाहते। क्यों? उत्तर में आज का सत्य निहित है। क्षेपक यह कि बर कौंसिल आफ इंडिया विवाद में कूदकर कड़ा फर्मान जारी करती है, लेकिन छात्रों के सत्याग्रह की चेतावनी से उसके हाथ-पांव फूल जाते हैं और वह फर्मान वापस ले लेती है, मगर उसकी मानसिकता उदघाटित होने से बच नहीं पाती।

संप्रति, सबका सलीका और सलूक कसौटी पर है? जो बिरादरी नियामक शक्तियों के निशाने पर है, वो सबको दीख रही है, मगर अभी अनदीखती बिरादरियां और भी हैं। जनगण का बड़ा वर्ग खतरे में है। देश में कुछ राज्य देखते ही देखते पेट्री तश्तरी बन गये हैं। भगवा-ब्रिगेड की प्रयोगशालाएं अनेक हैं। तो क्या जनगण का बड़ा वर्ग भविष्य में घेट्टो में निर्वासित होने को बाध्य होगा? यह प्रश्न सिर्फ पंद्रह अगस्त पर नहीं, यूं भी मौजूं है कि क्या हम वाकई लोकतांत्रिक व्यवस्था में जी रहे हैं, जिसका वायदा संविधान ने हमसे किया था या फिर लोकतंत्र प्रहसन या स्वांग में बदल गया है? क्या संप्रति नियामक शक्तियां जनगण को छल रही हैं और प्रपंच में लिप्त है? जनगण और लोकतंत्र का सीधा रिश्ता है, क्या लोकतंत्र को छूछा और रिक्त किया जा रहा है और लोकतंत्र और मुक्त बाजार काबिज ताकतों के जरिये बावरा अहेरी में बदल गये हैं?

# बेरोजगारों का आक्रोश बढ़ाती शैक्षिक विसंगतियां

कुछ ही दिन पहले राजधानी दिल्ली में युवा आक्रोश का एक नमूना देखा था देश ने। युवाओं की 'कॉकरोच पार्टी' ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा दिलवाकर ही दम लिया था। फिर ऐसा ही आक्रोश झारखंड की राजधानी में पहुंचा। पिछले लगभग दो सप्ताह से रांची में युवा आंदोलन कर रहे हैं। सरकार से उनकी बातचीत तो हुई, पर बात बनी नहीं। सरकार ने दावा किया है कि युवाओं की नब्बे प्रतिशत मांगें स्वीकार कर ली गई हैं। जो दस प्रतिशत बची हैं उनमें से कुछ न्यायालय में विचाराधीन हैं। पर छात्र (युवा) मान नहीं रहे। अपने दावे के अनुसार वे राज्य की विधानसभा को घेर तो नहीं पाये, पर वहां तक पहुंच अवश्य गए। उधर सरकार भी डट गई है। पता नहीं क्यों वह बची हुई दस प्रतिशत मांगें, जिनमें प्रमुख मांग मामले को सीबीआई के सुपुर्द करने की है, स्वीकार नहीं कर पा रही। शायद आप तक यह सब पहुंचने तक विवाद का कोई हल भी निकल आए। लेकिन, समस्या मात्र एक विवाद की नहीं है। कहीं अधिक गंभीर है मामला-समस्या युवाओं के आंदोलनी तेवरों के कारण समझने की है। युवाओं की हताशा और आक्रोश को समझने की आवश्यकता है। यह अनायास ही नहीं हुआ कि देश में सब तरफ युवा-आक्रोश की बात होने लगी है। एक अर्से से यह गुस्सा भीतर ही भीतर पनप रहा था। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने पता नहीं क्या सोच कर देश के युवाओं की तुलना तिलचट्टों से कर दी और उन्हें परजीवी घोषित कर दिया। सात समंदर पार बैठे एक भारतीय युवक को कुछ खल गया और उसने मज़ाक-मज़ाक में एक कॉकरोच पार्टी बना डाली। शायद यह उसे भी नहीं पता था कि उसका यह कदम देश के युवाओं की पीड़ा की अभिव्यक्ति बन जाएगा। बहुत तीखी और पीड़ादायक अभिव्यक्ति थी यह। जंतर-मंतर पर जो कुछ हुआ और अब रांची में जो कुछ हो रहा है या फिर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी छात्रों की जिस गूंज को स्वर दे रहे हैं और आरएसएस के प्रमुख जिन युवाओं को अपनी पीढ़ी से अधिक ईमानदार और देशभक्त बता रहे हैं, यह सब कुल मिलाकर देश के युवाओं की पीड़ा को ही उजागर करने वाला है।

यह सही है कि इस सारे प्रकरण की शुरुआत नीट जैसी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई धांधली का कारण बनी। यह भी सही है कि यह धांधली अपने आप में कोई छोटी समस्या नहीं है। पर देश का युवा जिस समस्या से जूझ रहा है वह कहीं अधिक जटिल और गहरी है। वह समझ नहीं पाता कि उसका अवसर की समानता का अधिकार कोई कैसे छीन लेता है; सारी ज़रूरी योग्यताओं के बावजूद वह बेकारी से पीछा क्यों नहीं छुड़ा पाता? हां, बेकारी एक बड़ा कारण है हमारे देश के युवाओं की पीड़ा और आक्रोश का। सरकार भले ही कैसे और कितने ही दावे करती रहे अच्छे दिनों के, पर देश के युवा पथराई आंखों से इंतजार कर रहे हैं उन दिनों और




उन स्थितियों का जब उनके दिन अच्छे होंगे। हकीकत यह है कि 15 से 24 आयु वर्ग के हमारे युवा आज एक गंभीर आर्थिक-सामाजिक चुनौती बन गए हैं। हमारे पास युवाओं की सबसे बड़ी आबादी है। यह संख्या हमारी ताकत होनी चाहिए थी, पर दुर्भाग्य से आज यह अपने आप में एक समस्या है। हम यह कह कर अपने आप को कुछ दिलासा दे सकते हैं कि हमारी युवा बेरोज़गारी की दर (10.2 प्रतिशत) दुनिया की बेरोजगारी दर से कम है। दुनिया की युवा बेरोजगारी दर 15.6 प्रतिशत है। हमारे देश में कुल बेरोजगार आबादी का लगभग 83 प्रतिशत हिस्सा युवाओं का है। इन बेरोजगारों में एक बड़ा हिस्सा पढ़े-लिखे युवाओं का है। दुर्भाग्य है कि यह पढ़ाई रोजगार की दृष्टि से उनके बहुत काम की नहीं है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में 20 से 29 वर्ष की आयु के लगभग एक करोड़ दस लाख युवा स्नातक बेरोजगार हैं। इस स्थिति के दो अर्थ हो सकते हैं- एक तो यह कि प्रार्थी ज्यादा हैं और रोजगार है नहीं, और दूसरा यह कि स्नातक तक की पढ़ाई के दौरान उन्हें जो पढ़ाया गया है वह उन्हें किसी रोजगार के लायक नहीं बनाता। दोनों ही अर्थ अपने आप में डराने वाले हैं।

एक अन्य सर्वेक्षण के अनुसार हमारे देश में प्रति वर्ष 80 लाख से 1 करोड़ स्नातक तैयार होते हैं। इनमें से लगभग 15 लाख विद्यार्थी हर साल केवल इंजीनियरिंग क्षेत्र से होते हैं। दूसरा सवाल उपयुक्त शिक्षा का है, जिसका सीधा रिश्ता उस पाठ्यक्रम से है जो हम अपने विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी की दर हमारे केरल में सर्वाधिक है-और हकीकत यह भी है कि देश के किसी भी राज्य की तुलना में केरल में साक्षरता का प्रतिशत सबसे ज्यादा लगभग शत-प्रतिशत! स्पष्ट है कि कहीं न कहीं हमारी शिक्षा-नीति में कोई बुनियादी कमी है, जिसकी ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। बेरोजगारी, गरीबी और बढ़ती जनसंख्या के मेल ने हमारे युवाओं की समस्याओं को बढ़ा दिया है। इन तीनों के कारण देश के युवाओं को सही और उचित काम नहीं मिलता, उनकी बुनियादी ज़रूरतें पूरी नहीं होतीं।

ऐसे में युवाओं पर उंगली उठाना या फिर उन्हें कॉकरोच, परजीवी अथवा राष्ट्र-विरोधी आदि कहना अपने आप में किसी अपराध से कम नहीं है। इन दिनों देश में, और शेष विश्व में भी, युवा पीढ़ी (जेन जी और जेन अल्फा) को लेकर कई स्तरों पर बहस चल रही है। दिल्ली के जंतर-मंतर और रांची के युवा-आंदोलनों को 'एक बिगड़ी हुई युवा पीढ़ी की हताशा की अभिव्यक्ति' कहने वालों की भी कमी नहीं है। और ऐसे भी हैं जो इन 'बिगड़े दिमागों में घनी खुशियों के लच्छे' देखते हैं। इस संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत का कथन कुछ हैरान करने वाला है- पर सुखद हैरानी है यह। जंतर-मंतर पर युवाओं के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि वह प्रदर्शनकारी युवाओं को राष्ट्र-विरोधी नहीं मानते। विरोध-प्रदर्शन को लोकतांत्रिक अधिकार बताते हुए उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी उनकी पीढ़ी से अधिक सजग है, यह आदेश मानने के बजाय तार्किक जवाब चाहती है। मोहन भागवत की यह स्वीकारोक्ति हैरान इसलिए करती है कि उनकी इस टिप्पणी से दो-तीन दिन पहले ही आरएसएस के उनके वरिष्ठ सहयोगी ने जंतर-मंतर का हवाला देते हुए आज की युवा पीढ़ी को बहुत कुछ सुना दिया था। सच बात तो यह है कि हमारी 'जेन जी' पीढ़ी सोच और व्यवहार दोनों को नई दिशा देने वाली है। आवश्यकता उसकी आलोचना करने की नहीं, उसे परजीवी मानने की नहीं, उसे समझने की है। यह पीढ़ी जो है, जैसी है, उसकी भर्त्सना करने से बात नहीं बनेगी, बात तब बनेगी जब हम उसके सोच की अनगढ़ता के बजाय उसके भीतर की सकारात्मकता को जानने-समझने की कोशिश करें।

– विश्वनाथ सचदेव

# शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर कहां फंसा पेच



**नई दिल्ली**

क्या भारत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपेगा? पड़ोसी देश की ओर से बार-बार की जारी मांग के बाद भी भारत शेख हसीना को क्यों नहीं ढाका भेज रहा है? शेख हसीना को बांग्लादेश को प्रत्यर्पित करने पर कौन फैसला करेगा? यह कुछ ऐसे सवाल हैं जो शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर लगातार उठ रहे हैं। यह मुद्दा दोनों देशों के बीच कलह का सबब बना हुआ है। अब भारत ने इसपर अपना रुख सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट किया है। भारत ने यह भी बताया कि शेख हसीना को प्रत्यर्पित करने को लेकर किन औपचारिकताओं को पूरा करने की जरूरत है।

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक बातचीत जारी है। बांग्लादेश की तारीक रहमान सरकार लगातार भारत से हसीना को वापस भेजने की मांग कर रही है। हालांकि, भारत सरकार के शीर्ष अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रत्यर्पण का अंतिम फैसला राजनीतिक या कूटनीतिक स्तर पर नहीं, बल्कि भारतीय अदालतों की प्रक्रिया के तहत होगा। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, बांग्लादेश के प्रत्यर्पण अनुरोध पर न्यायिक प्रक्रिया में यह भी देखा जाएगा कि शेख हसीना पर लगाए गए आरोप भारतीय कानून के तहत भी अपराध की श्रेणी में आते हैं या नहीं। विदेश मंत्रालय पहले ही कह चुका है कि बांग्लादेश के अनुरोध की स्थापित प्रक्रियाओं के तहत जांच की जा रही है और इस संबंध में कोई नया अपडेट मिलने पर जानकारी दी जाएगी। साथ तारिक रहमान सरकार को इस मुद्दे को अत्यधिक बढ़ा-चढ़ा कर पेश करने से बचने की भी सलाह दी गई है।

**2013 का वो प्रत्यर्पण समझौता-** भारतीय अधिकारियों ने बताया कि ढाका की ओर से भेजे गए प्रत्यर्पण अनुरोध के साथ 2013 में हुए भारत-बांग्लादेश प्रत्यर्पण समझौते के तहत जरूरी कानूनी दस्तावेज भी हैं। इसी समझौते के तहत किसी व्यक्ति को न्यायिक रूप से सुनाई गई सजा के क्रियान्वयन के लिए वापस भेजने का प्रावधान है। हालांकि, इसमें राजनीतिक प्रकृति के अपराधों के लिए प्रत्यर्पण से इनकार का प्रावधान भी है। साथ ही हत्या, हत्या के लिए उकसाने, हमला और हथियारों के इस्तेमाल जैसे कई अपराधों को राजनीतिक अपराध नहीं माना गया है। शेख हसीना अगस्त 2024 में बांग्लादेश में हुए बड़े जन आंदोलन के बाद भारत आई थीं और तब से नई दिल्ली में एक अज्ञात स्थान पर रह रही हैं। पांच अगस्त को एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि वह अपने देश लौटने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने दिसंबर में बांग्लादेश लौटने की इच्छा जताई और कहा कि दिसंबर उनके देश के लिए विजय का महीना है।

शेख हसीना को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने नवंबर 2025 में मानवता के खिलाफ अपराधों के मामले में दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी। बांग्लादेश इसी फैसले को आधार बनाकर भारत से उनके प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। वहीं, अवामी लीग से जुड़े नेताओं का कहना है कि यदि भारत में प्रत्यर्पण की न्यायिक कार्यवाही शुरू होती है तो इस फैसले को कई आधारों पर चुनौती दी जा सकती है। उनका तर्क है कि फैसला बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यकाल में आया था। भारत का प्रत्यर्पण कानून भी इस मामले में अहम भूमिका निभाएगा। 1962 के एक्सट्रेडिशन एक्ट के तहत मामले की जांच के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जा सकता है। यदि मजिस्ट्रेट को प्रथम दृष्टया मामला बनता दिखाई देता है तो वह प्रत्यर्पण की सिफारिश कर सकता है। वहीं, पर्याप्त आधार नहीं मिलने पर आरोपी को रिहा किया जा सकता है। ऐसे में शेख हसीना का भविष्य भारत-बांग्लादेश के कूटनीतिक संबंधों के साथ-साथ भारतीय न्यायिक प्रक्रिया पर भी निर्भर करेगा। फिलहाल दोनों देशों के बीच इस संवेदनशील मुद्दे पर बातचीत जारी है और भारत ढाका की अधिकतम मांग से आगे बढ़कर किसी व्यावहारिक रास्ते की तलाश करता दिख रहा है।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष बनर्जी ने की आत्महत्या

**कोलकाता (वार्ता)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बीरभूम के रामपुरहाट से तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक आशीष बनर्जी रविवार को पार्टी कार्यालय में फांसी के फंदे से लटके पाए गए। पुलिस ने रामपुरहाट के वार्ड पांच में हत्तला पाड़ा स्थित पार्टी कार्यालय से उनका शव बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस उनकी मौत से जुड़ी परिस्थितियों और नोट में लिखी बातों की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या बनर्जी ने आत्महत्या की थी और अगर ऐसा है, तो उन्हें ऐसा कदम उठाने के लिए किस बात ने मजबूर किया। टीएमसी के वरिष्ठ नेता बनर्जी 2001 से 2021 तक लगातार रामपुरहाट से विधायक चुने गए थे। पार्टी ने उन्हें 2026 के विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारा था, लेकिन वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार ध्रुव साहा से 24,000 से ज्यादा वोटों से हार गए थे। उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार के कार्यकाल के दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा के उपाध्यक्ष के तौर पर काम किया और स्कूल शिक्षा व कृषि जैसे मंत्रालयों का जिम्मा संभाला। श्री बनर्जी पार्टी के पूर्व ज़िला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल के कार्यकाल के दौरान बीरभूम टीएमसी की राजनीति से जुड़े रहे थे। उन्हें रामपुरहाट में 2022 के बोगटुई नरसंहार के बाद राजनीतिक जांच-पड़ताल का भी सामना करना पड़ा था। वह 2026 में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद राजनीति में बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं दिखे। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है जब पार्टी में राजनीतिक उथल-पुथल का दौर चल रहा है। कई पूर्व विधायकों और पार्षदों पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण कार्रवाई हो रही है और पार्टी का एक धड़ा पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व से दूर हो रहा है।

## आधी रात को जल उठा कीव

### नाटो के एफ-18 फाइटर जेट ने संभाला मोर्चा

**कीव**

यूक्रेन की राजधानी कीव में 15-16 अगस्त की रात रूसी हमले से कई इलाकों में धमाके हुए और आग लग गई। इस हमले में कम से कम तीन लोग घायल हुए। इसी दौरान नाटो सदस्य रोमानिया ने अपने हवाई क्षेत्र में घुसे एक ड्रोन को मार गिराया। स्पेन के एफ-18 फाइटर जेट ने यह कार्रवाई की। दूसरी तरफ यूक्रेन ने रूस के मॉस्को में ड्रोन और हमलों के जरिए कई ठिकानों को निशाना बनाया, जहां आग लगने की खबरें सामने आई हैं। यानी रातभर रूस-यूक्रेन जंग का असर सिर्फ दोनों देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नाटो के हवाई क्षेत्र तक भी तनाव पहुंच गया।

कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक कीव के सेंट्रल इलाके में रात करीब 2.50 बजे चार जोरदार धमाके सुनाई दिए। पेचेर्स्की जिले में भी एयर रेड अलर्ट के कुछ ही मिनटों के भीतर छह धमाकों की आवाज सुनी गई। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रूसी हमले के बाद ओबोलोंस्की जिले में एक व्यावसायिक इमारत में आग लग गई। होलोसीव्स्की जिले में भी एक अन्य इमारत आग की चपेट में आ गई। यूक्रेन की वायुसेना ने रात में बैलिस्टिक मिसाइल हमले की चेतावनी जारी की थी। रात 2.35 बजे चेतावनी हटाई गई, लेकिन महज कुछ मिनट बाद 2.46 बजे फिर खतरा घोषित कर दिया गया।

इसी दौरान यूक्रेन की सीमा से लगे नाटो देश रोमानिया में एक ड्रोन ने हवाई सीमा का उल्लंघन किया। रोमानिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, उसके रडार ने ड्रोन को पड़ोसी मोल्दोवा की दिशा से देश में प्रवेश करते हुए पकड़ा। नाटो एयर पुलिसिंग मिशन पर तैनात स्पेन के एफ-18 लड़ाकू विमान ने ड्रोन से रडार संपर्क बनाया और उसे मार गिराने की अनुमति मिलने के बाद सुबह 5.01 बजे उसे नष्ट कर दिया। ड्रोन के टुकड़े दो गांवों के बीच एक निर्जन इलाके में गिरने की बात कही गई है। रोमानिया ने ये नहीं बताया कि ड्रोन कहां से आया। यह इस साल रोमानिया में गिराया गया चौथा ड्रोन बताया गया है। जुलाई में रोमानियाई एफ-16 लड़ाकू विमानों ने तीन रूसी ड्रोन को उसके हवाई क्षेत्र में घुसने के बाद मार गिराया था।



कीव पर हमले के बीच यूक्रेन ने भी रूस के मॉस्को क्षेत्र में बड़ा हमला किया। मॉनिटरिंग चैनलों के मुताबिक, कोलेडिनो गांव के पास रूस की बड़ी ऑनलाइन रिटेल कंपनी वाइल्डबेरीज के एक वेयरहाउस में आग लग गई। डोमोडेडोवो में प्रोडक्शन और लॉजिस्टिक्स कॉम्प्लेक्स में भी आग लगने की खबर सामने आई। चेहोव इलाके में यूक्रेनी हमलों और रूसी एयर डिफेंस के सक्रिय होने की जानकारी भी दी गई। इन हमलों की विस्तृत स्वतंत्र पुष्टि तत्काल नहीं हुई है और रूसी अधिकारियों की ओर से भी शुरुआती तौर पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

**यूक्रेन के हमलों का दायरा भी बढ़ रहा-** यूक्रेन लगातार रूस के अंदर तक रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। 15 अगस्त को राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पुष्टि की थी कि यूक्रेनी बलों ने सवास्तेयका सैन्य एयरबेस और समारा क्षेत्र में एक अहम सुविधा पर घरेलू मिसाइलों से हमला किया। 14 अगस्त को बाल्टिक सागर के एक बड़े रूसी बंदरगाह पर भी यूक्रेनी हमले की बात सामने आई थी, जहां दो प्रोसेसिंग प्लांट क्षतिग्रस्त होने और आग लगने की खबर थी।

### काला सागर में घमासान

काला सागर फिर रूस-यूक्रेन जंग का नया मोर्चा बनता दिख रहा है। कुछ दिन पहले रूसी ड्रोन रोमानिया के समुद्री इलाके तक पहुंच गए थे। इस घटना के बाद नाटो और रूस में भिड़ंत होते-होते बची है। ड्रोन को आता देख नाटो सदस्य देश रोमानिया को अपने इलाके और अहम ऊर्जा परियोजना की सुरक्षा के लिए इन्हें तबाह करना पड़ा। बाद में इन ड्रोन्स को नष्ट कर दिया गया। अब यूक्रेन ने इसी बीच काला सागर में रूस के साथ नागरिक ठिकानों और जहाजों पर हमले रोकने का प्रस्ताव दिया है।

## ऑटिज्म से पीड़ित के साथ एयर इंडिया ने किया गलत व्यवहार

**अगरतला (वार्ता)।** अगरतला के महाराजा बीर बिक्रम हवाईअड्डा पर एयर इंडिया के अधिकारियों के ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्ति के साथ संवेदनहीन व्यवहार की सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हुई है। पीड़ित व्यक्ति का नाम अबीर है। अबीर के परिवार के एक सदस्य ने बताया कि वह ऑटिज्म से पीड़ित है। इस वजह से उसकी आवाज थोड़ी भारी है और कभी-कभी वह अनजाने में कुछ आवाजें निकालता है। आरोप है कि हवाईअड्डा पर एयर इंडिया के कर्मचारियों ने परिवार से संपर्क किया और चेतावनी दी कि अगर यात्री की आवाजों पर कैप्टन को आपत्ति हुई, तो उन्हें विमान से उतरने के लिए कहा जा सकता है। इसके बाद एमबीबी हवाईअड्डा पर परिवार और एयर इंडिया के कर्मचारियों के बीच तीखी बहस हुई। आखिरकार साथी यात्रियों के दखल से मामला सुलझा और उसे उड़ान में सवार होने की अनुमति मिल गई, जिसके बाद वह सुरक्षित कोलकाता पहुंच गया।

## पेट्रोल-डीजल वाले 18766 ऑटो इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित होंगे



**हैदराबाद (वार्ता)**

तेलंगाना सरकार ने मुख्य शहरी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था (सीयूआरई) इलाके में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले ऑटो-रिक्शा को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने के लिए तेलंगाना ऑटो-रिक्शा को इलेक्ट्रिक वाहन में बदलने की योजना-2026 को मंज़ूरी दे दी है। यह जानकारी राज्य परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने दी है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना राइजिंग विज़न-2047 के तहत शुरू की जा रही इस योजना में 18,766 पात्र ऑटो शामिल होंगे, जिनमें 11,254 डीजल और 7,512 पेट्रोल वाहन हैं। सरकार मौजूदा ऑटो में एआईएस-123 से मंज़ूरी प्राप्त इलेक्ट्रिक किट लगाने या नई फैक्ट्री-निर्मित इलेक्ट्रिक यात्री तिपहिया वाहन खरीदने के लिए 1.50 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता देगी। रेट्रोफिट विकल्प के तहत, लाभार्थी फिक्स्ड या स्वैपेबल बैटरी प्रणाली चुन सकते हैं, जो लोग नए इलेक्ट्रिक ऑटो चुनेंगे, उन्हें 1.50 लाख रुपये की फिक्स्ड सब्सिडी मिलेगी। अधिकृत डीलर इस रकम को वाहन की ऑन-रोड कीमत से पहले ही घटा देंगे। इस योजना का कुल बजट 200 करोड़ रुपये होगा, जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एससी, एसटी), पिछड़ा वर्ग (बीसी) और अल्पसंख्यक कल्याण विभागों में से प्रत्येक का 50 करोड़ रुपये का योगदान प्रस्तावित है। योजना के पारदर्शी कार्यान्वयन की निगरानी के लिए तीन-स्तरीय व्यवस्था होगी, जिसमें राज्य-स्तरीय समिति, योजना कार्यान्वयन समिति और ज़िला मंज़ूरी समिति शामिल होंगी।

श्री प्रभाकर ने रविवार को एक वीडियो बयान में कहा कि इस पहल का मकसद वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करना, ऑटो चालकों के लिए ईंधन का खर्च घटाना और हैदराबाद में स्वच्छ एवं टिकाऊ शहरी सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ विकास और ऑटो-रिक्शा चालकों के आर्थिक हितों के बीच संतुलन बनाना है।

## ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए समुद्री मानचित्र पर हुआ समझौता

**तेहरान (वार्ता)**

ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए समुद्री मानचित्र पर समझौता हो गया है, हालांकि कुछ मुद्दों पर अभी भी बातचीत चल रही है। प्रेस टीवी ने ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई के हवाले से यह जानकारी दी है। इससे पहले सऊदी ब्रॉडकास्टर अल-हदाथ ने खबर दी थी कि ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को परिवहन के लिए पूरी तरह खोलने पर समझौता हुआ है, जिसे ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की मंजूरी मिलनी बाकी है। चैनल के अनुसार इस समझौते की आधिकारिक घोषणा आने वाले दिनों में की जाएगी। हाल के हफ्तों में अमेरिका और ईरान पश्चिम एशिया के मध्यस्थों की मदद से संघर्ष को खत्म करने के लिए एक नए समझौते की शर्तों पर सहमत होने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गत नौ अगस्त को कहा था कि अमेरिका ईरान के साथ बहुत धीमी गति से बातचीत कर रहा है, जबकि ईरान की आर्थिक स्थिति कथित तौर पर और खराब हो गई है।

### समुद्री बचाव दल ने 82 प्रवासियों को बचाया

**पेरिस (वार्ता)।** उत्तरी फ्रांस में समुद्री बचाव दल ने ब्रिटेन जाने के लिए इंग्लिश चैनल पार करने की कोशिश कर रहे 82 प्रवासियों को बचा लिया है। इंग्लिश चैनल और उत्तरी सागर के समुद्री प्रीफेक्चर ने यह जानकारी दी। प्रीफेक्चर ने एक्स पर कहा, विभाग की अग्निशमन और बचाव सेवा ने उन 82 लोगों को बचाया जो चैनल पार करना चाहते थे। यह अभियान बर्क-सुर-मेर शहर के उत्तर में चलाया गया। 2025 में 41,000 से ज्यादा अवैध प्रवासी नाव के ज़रिए इंग्लिश चैनल से होकर ब्रिटेन पहुँचे। यह संख्या 2022 के रिकॉर्ड आँकड़े के बाद दूसरी सबसे ज्यादा संख्या है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## अंतरा बनर्जी: कपड़े उतारे और फिर रेजर से कर दिया हमला!

मॉडल और अभिनेत्री अंतरा बनर्जी ट्रेन में हुई एक घटना के चलते चर्चा में हैं। बीते दिनों अरावली एक्सप्रेस में सफर के दौरान अभिनेत्री की आरपीएफ के जवान के साथ बहस हुई। आरोप है कि इस बहस के दौरान अंतरा ने जवान पर रेजर से हमला कर दिया। यह मामला उस वक्त का है जब अंतरा बनर्जी शूटिंग के लिए सूरत जा रही थीं। उनके पास स्लीपर क्लास का टिकट था। मगर वह एसी कोच में बैठ गई। कोच में बैठने के बाद एक्ट्रेस और बाकि यात्रियों के बीच बहस हो गई। मामला संभालने के लिए वहां रेलवे पुलिस के जवान पहुंचे। आरपीएफ कर्मियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई, जिसके बाद आरोप है कि अंतरा ने एक जवान पर रेजर से हमला कर दिया। मामले में अंतरा पर एफआईआर दर्ज की गई है। यह घटना कथित तौर पर बोरीवली और दहानू के बीच हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक बनर्जी से आरक्षित सीट खाली करने को कहा गया था। मगर एक्ट्रेस नहीं मानी इसके बाद टिकट कलेक्टर ने आरपीएफ को इसकी जानकारी दी। आरपीएफ के सहायक सब-इंस्पेक्टर यामिनीकांत मिश्रा और कांस्टेबल राजेश कुमार ने कथित तौर पर सबसे पहले हस्तक्षेप किया। मगर अंतरा गुस्से में आ गईं। पुलिस का कहना है कि गुस्से में आकर अंतरा ने अपने कपड़े उतार दिए और एक रेजर ब्लेड निकाल लिया। बताया जाता है कि इस घटना में मिश्रा घायल हो गए और बनर्जी भी कथित तौर पर घायल हो गई। इतना ही नहीं, अंतरा ने कोच से बाहर निकलने की कोशिश में खिड़की तोड़ने का भी प्रयास किया। आगे अंतरा को दहानू स्टेशन पर उतार दिया और रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया गया। अगली सुबह बोरीवली रेलवे पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार अंतरा ट्रेन में टिकट न मिलने से काफी नाराज थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार अंतरा पर एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने उन पर सुरक्षा को खतरे में डालने, सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने, चोट पहुंचाने और अधिकारियों का अपमान करने का मामला दर्ज हुआ। बाद में नोटिस जारी करते हुए अंतरा को जमानत पर रिहा कर दिया गया। अंतरा कई टीवी शो, फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं। उन्होंने फिल्ममेकर लोम हर्ष की फिल्म ये है इंडिया में एक पत्रकार का किरदार निभाया था। इसके अलावा वह एकता कपूर के एरिका फर्नांडिस और पार्थ समथान अभिनीत शो कसौटी जिंदगी के में भी नजर आई थीं। 2019 में उन्होंने यह शो छोड़ दिया था।



## क्रिकेटर विनोद कांबली की जिंदगी पर बनेगी वेब सीरीज



भारतीय क्रिकेट के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि उनकी जिंदगी पर वेब सीरीज बन रही है। निर्देशक अभिजीत देशपांडे यह सीरीज बना रहे हैं। सीरीज का नाम कांबली है। यह जी5 पर रिलीज हो सकती है। सीरीज के निर्माता रवि भागचंदका हैं। अभिजीत देशपांडे ने बताया कांबली की कहानी लिखने का काम 2019 में शुरू किया था। उनके मुताबिक, शुरुआत में कांबली की जिंदगी पर मराठी फीचर फिल्म बनाने का विचार था। फिर जब उन्होंने कांबली की जिंदगी को समझा तो पाया कि यह कहानी एक फिल्म के लिए बड़ी है। निर्देशक के मुताबिक कांबली की जिंदगी एक फिल्म में नहीं सिमटेगी। इसी वजह से इस पर सीरीज बनाने का फैसला किया गया। हिंदी में सीरीज बनने से यह ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेगी। उनके मुताबिक यह कहानी सिर्फ क्रिकेट की नहीं है बल्कि इंसानी कहानी है। इस सीरीज में विनोद कांबली के क्रिकेट से लेकर उनकी निजी जिंदगी की चुनौतियों को दिखाया जाएगा। सीरीज में कांबली को क्रिकेट में मिली कामयाबी और उनकी जिंदगी की मुश्किलों को दिखाया जाएगा।

## आजादी पर रहा आवारापन-2 का असर




स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दो बॉलीवुड फिल्में लगीं। एक तो सनी देओल की बहुचर्चित फिल्म बंटवारा 1947 और दूसरी इमरान हाशमी की आवारापन 2। आजादी के पर्व का उत्सव और विषय भी भारत-पाकिस्तान विभाजन का, ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि बंटवारा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल करेगी। मगर, आंकड़ों से पता चलता है कि आवारापन 2 ने बाजी मारी है। फिल्म बंटवारा 1947 को राजकुमार संतोषी ने बड़ी शिद्दत से बनाया है। करीब 20 वर्षों पहले उन्होंने इस फिल्म को बनाने का सपना देखा था। सनी देओल, प्रीति जिंटा, शबाना आजमी और अली फजल जैसे सितारों से सजी इस फिल्म को तारीफें भी खूब मिली हैं। मगर, कलेक्शन की बात करें तो दो दिनों का कलेक्शन औसत रहा है। फिल्म ने शुक्रवार को ठंडी ओपनिंग की और कमाई का आंकड़ा दोहरी संख्या तक नहीं पहुंच पाया। सैकनिल्क पर प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म बंटवारा ने पहले दिन 5.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। बीते दिन यानी 15 अगस्त को इस फिल्म ने कारोबार 13.50 करोड़ रुपये रहा। आजादी का उत्सव और विभाजन पर आधारित कहानी...बावजूद इसके यह फिल्म दर्शकों को बड़ी संख्या में आकर्षित नहीं कर सकी। बंटवारा 1947 का टोटल इंडिया नेट कलेक्शन 19.25 करोड़ रुपये हो चुका है।



## महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**करेली।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ए.के. अग्रवाल, उपप्राचार्य डॉ. ए.के. वाजपेयी , प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजीव चौबे सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रामसेवक कुशवाहा के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स द्वारा अनुशासित मार्च एवं सलामी के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारी की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ए.के. अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उपस्थित एनसीसी कैडेट्स एनएसएस के स्वयंसेवको एवं समस्त जनसमुदाय ने तिरंगे को सलामी दी। तत्पश्चात राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर एनएसएस छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू ठाकुर एवं एनएसएस छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अंशुल नेमा, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## स्वाधीनता दिवस पर केमिस्ट एसोसिएशन ने किया ध्वजारोहण



**करेली।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित पेठिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया व सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव नवीन रघुवंशी एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप रघुवंशी द्वारा किया गया।

## खजांची इंग्लिश स्कूल में शान से लहराया तिरंगा



**करेली।** खजांची इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष पं मधुसूदन पालीवाल ने ध्वजारोहण किया, तदुपरान्त विद्यालय की स्काउट गाइड दल तथा रेडक्रॉस दल तथा कक्षा 6ह्द्ध से 12वीं तक के करीब 775 छात्र छात्राओं व शिक्षकों के समूह ने देश भक्ति से ओत प्रोत नारे लगाकर नगर भ्रमण किया। इसके उपरांत विधालय परिसर में देशभक्ति गीत एवं नृत्य का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता मधुसूदन पालीवाल अध्यक्ष आदर्श शिक्षण समिति ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में समिति सह कोषाध्यक्ष रविंदर पाल लाम्बा एवं समिति सदस्य एवं वरिष्ठ समाज सेवी किरीट सावला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी शिखा नेमा एवं छात्राएं अनन्या नेमा दिव्या पटेल ने किया तथा आभार शिक्षक अनुराग सोनी ने किया।

## हर्षोल्लास एवं उत्साह से मनाया गया नगर में स्वतंत्रता दिवस

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर में स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के वातावरण में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराकर अमर शहीदों को याद करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई । शासकीय संस्थाओं, स्कूलो, सामाजिक संस्थाओं राजनीतिक संगठनों द्वारा ध्वजा रोहण कार्यक्रम आयोजित गए। नगर पालिका परिषद के सामने नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा व समस्त पार्षद , कर्मचारियों की उपस्थिति ध्वजारोहण किया गया। नपा अध्यक्ष ने प्रदेश के मुखिया के संदेश का वाचन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस जनों की विशेष उपस्थिति में पुरानी गल्ला मंडी, झंडा चौक, मस्जिद के पास, बजरिया, शक्ति चौक पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संदेश का वचन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किया गया।



# मंत्री पटेल ने स्टेडियम ग्राउंड में किया ध्वजारोहण

### हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 91 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिले में भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रधुन एवं राष्ट्रगान की धुन के बीच परेड दलों ने शानदार मार्चपास्ट करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुआ। ध्वजारोहण के बाद मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस दौरान समृद्धि एवं खुशहाली के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। बैंड दल ने राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत की। परेड दलों के जयघोष और हर्षफायर से समारोह स्थल देशभक्ति के उत्साह से गूंज उठा।

### परेड दलों ने किया शानदार मार्चपास्ट

मुख्य समारोह में पुलिस बल की टुकड़ियों में विशेष सशस्त्र बल 32वीं बटालियन बी कंपनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल एवं जिला होमगार्ड बल शामिल रहे। सीनियर छात्र दल में एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज नरसिंहपुर एवं एनसीसी सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर तथा जूनियर छात्र दल में एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, रेडक्रॉस पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर एवं शौर्य दल महिला एवं बाल विकास विभाग ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि मंत्री श्री पटेल ने परेड में शामिल प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान

समारोह में मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना। मंत्री श्री पटेल ने जिलेवासियों को भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और जिला स्तरीय संदेश का वाचन किया। उन्होंने जिले की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की।इस पर आधारित जिले की विकास पुस्तिका का वितरण मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों और अधिकारियों को भी किया गया।

### देशभक्ति और लोक संस्कृति से सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का प्रमुख आकर्षण रहे। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, लोकगीत एवं सामाजिक सरोकारों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। प्रस्तुतियों के दौरान पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने 'जय जवान, जय किसान' पर आधारित नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से नशामुक्त भारत अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चांवरा विद्यापीठ नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने 'जय हो नर्मदा मैयाज पार करो मोरी नईयाज', 'आज बरसाने में होरी रे रसियाज' एवं 'लहरा दो जैसे गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या उमावि नरसिंहपुर की छात्राओं ने 'वंदे मातरम्', 'भूल न जइयो इनके बलिदान' एवं 'तिरंगा हर घर में लहराओ' की धुन पर प्रभावी नृत्य प्रस्तुति दी।

इसके अलावा शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर एवं अबोड स्कूल करेली के विद्यार्थियों ने भी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 91 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। परेड प्रतियोगिता में पुलिस बल वर्ग में जिला पुलिस बल प्रथम, सीनियर छात्र-छात्रा दल में एनसीसी सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर प्रथम तथा जूनियर छात्र-छात्रा दल में शौर्य दल महिला एवं बाल विकास विभाग प्रथम रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या उमावि नरसिंहपुर प्रथम, शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर द्वितीय तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर एवं चाणक्य हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर संयुक्त रूप से तृतीय रहे। अबोड स्कूल करेली एवं चांवरा विद्यापीठ नरसिंहपुर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

### जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक रहे मौजूद

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, श्री रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक अग्निहोत्री एवं श्रीमती विभा दुबे ने किया।

## आरएलआई विंध्याचल में ईएसकेओएम इंजीनियर्स के लिए डब्लूएफजीडी प्रशिक्षण के चौथे बैच का शुभारंभ

सिंगरौली।



एनटीपीसी के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान विंध्याचल में 14 अगस्त 2026 को दक्षिण अफ्रीका की विद्युत कंपनी श्वस्य्हरू के सात इंजीनियर्स के लिए वेस्ट फ्यूल गैस डीसल्फराजेशन पर दो माह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे बैच का शुभारंभ हुआ। एनटीपीसी के इंटरनेशनल बिजनेस विभाग के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सतत एवं स्वच्छ विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में एनटीपीसी और श्वस्य्हरू के बीच बढ़ती साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री किशोर कुमार होता, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने किया।उद्घाटन अवसर पर श्री किशोर कुमार होता, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने बताया कि विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन एनटीपीसी का पहला ऐसा स्टेशन है, जहां फ्यूल गैस डीसल्फराजेशन प्रणाली स्थापित की गई है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जांगड़े जी डी प्रणाली की स्थापना , कमीशनिंग एवं संचालन से संबंधित व्यावहारिक एवं समग्र जानकारी प्रदान किए जाने की विशेषता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों को अत्याधुनिक तकनीक के साथ-साथ उसके व्यावहारिक अनुप्रयोग को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

इस अवसर पर श्री मणिक्यन सुरेश, महाप्रबंधक ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एनटीपीसी में सुरक्षा के सर्वोच्च महत्व पर जोर दिया। तपस कुमार मजूमदार, अपर महाप्रबंधक (आई बी डी) ने सहयोग की यात्रा पर प्रकाश डाला तथा प्रशिक्षण के चौथे एवं अंतिम बैच का स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम का समापन श्री लाल बिहारी प्रसाद, उप महाप्रबंधक (आई बी डी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## जिले में उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने फहराया तिरंगा, परेड की ली सलामी

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी और परेड का निरीक्षण किया। विभिन्न सुरक्षा बलों की टुकड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद परिवारों एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने अपने संबोधन में जिले की विकास उपलब्धियों की जानकारी देते हुए जनभागीदारी से शहडोल को स्वच्छ, हरित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया।

### परेड में जिला पुलिस बल पुरुष और एनसीसी बालिका प्रथम



स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में सशस्त्र दलों में जिला पुलिस बल पुरुष ने प्रथम, 29वीं वाहिनी सशस्त्र सुरक्षा बल ने द्वितीय तथा जिला पुलिस महिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अशस्त्र परेड में एनसीसी बालिका सीनियर प्रथम, एनसीसी बालक सीनियर द्वितीय एवं स्काउट दल बालक तृतीय रहा। विजेता दलों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस



सिंगरौली।

डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टेडियम में एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री किशोर कुमार होता, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण, सीआईएसएफ के जवान, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी, मीडिया प्रतिनिधि, कर्मचारीगण एवं टाउनशिप निवासी उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ वंदे मातरम् के गायन से हुआ, जिसके पश्चात श्री होता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद उन्होंने विभिन्न दलों का निरीक्षण किया तथा सीआईएसएफ जवानों एवं टाउनशिप स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा शानदार मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया।

## सेलवा में ऑटो-बाइक भिड़ंत

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** कटंगी थाना अंतर्गत सेलवा के डोंगरू टोला में शुक्रवार शाम करीब 8 बजे हुए सड़क हादसे ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं और 108 संजीवनी की बदहाली को उजागर कर दिया। तेज रफ्तार अज्ञात ऑटो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को समय पर एंबुलेंस नहीं मिली और अस्पताल में डॉक्टर भी नदारद मिले। मामले की सूचना विधायक गौरव सिंह पारधी को मिलने के बाद आनन-फानन में स्वास्थ्य अमला हरकत में आया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद पहले जिला अस्पताल बालाघाट और फिर नागपुर एम्स रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 12 निवासी अशोक कोसरे शुक्रवार शाम सेलवा की तरफ से अपनी बाइक क्रमांक एमएच 31 ए वाई 7947 से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे डोंगरू टोला पहुंचे एक अज्ञात ऑटो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी थी।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनायी गई स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ

### कलेक्टर कुमार सत्यम ने किया ध्वजारोहण

**बालाघाट(स्वतंत्रमत)।** 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ बालाघाट जिले में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनायी गई। जिला मुख्यालय बालाघाट में मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर कुमार सत्यम ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, हॉक फोर्स, जिला पुलिस बल, एसएफ-36वीं बटालियन के जवानों, एनसीसी के कैडेट्स एवं स्काउट गाइड द्वारा शानदार मार्चपास्ट किया गया और तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के पहले राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर कुमार सत्यम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, गौरीशंकर बिसेन, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, नगर पालिका के पार्षद, बालाघाट जोन के पुलिस महानिरीक्षक ललित कुमार शाक्यवार, उप महानिरीक्षक विनित जैन, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, एसडीएम गोपाल सोनी, अन्य विभागो के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्रायें उपस्थित थी।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश के प्रसारण के पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर कुमार सत्यम ने अपने सम्बोधन में बालाघाट जिले की उपलब्धियों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी इसके पश्चात लोकतंत्र सेनानियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमएलबी, सांदीपनी स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति और देशप्रेम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर कुमार सत्यम ने तिरंगा झंडा फहराया...इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर एमआर कोल, विजय यादव, एसडीएम गोपाल सोनी, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण सुश्री मंजुला शेंद्रे, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुंद्रियाल, जिला कोषालय अधिकारी दीपक राणा तथा कलेक्ट्रेट में लगने वाले सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




## कार्यालय नगरपालिका परिषद् धनपुरी जिला - शहडोल म.प्र.

कार्यालय दूरभाष नं. एवं फैक्स नं. - 07652-250318 E-mail ID- cmodhanpuri@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2026-27/828 धनपुरी दिनांक-13/08/2026

### निविदा सूचना

निम्नलिखितत कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली एवं जेम पोर्टल पर पंजीकृत संविदाकारों से ऑनलाईन जेम पोर्टल के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट GEM PORTAL पर निम्नानुसार बिड नं. पर देखा जा सकता है।

| क्र. | जेम बिड क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | लागत | कार्य की समयावधि | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | BID NO: GEM/2026/8/7909634 DT-12-08-2026 | नगर पालिका धनपुरी में हाईड्रोलिक कैटल कैचर क्रय हेतु | 7.50 लाख जीएसटी सहित | कार्यादेश से 30 दिवस | 27/8/2026 को 4.00 PM |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन GEM PORTAL की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**अमित तिवारी**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् धनपुरी**
**जिला - शहडोल म.प्र.**

# जिले में आन-बान और शान से लहराया तिरंगा

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण







**कटनी (स्वतंत्रमत)।** देश की स्वतंत्रता का 80वां पर्व 15 अगस्त को जिले भर में हर्षोल्लास, धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर जिले का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित किया गया। जहां भव्य एवं गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि कलेक्टर ने खुली सफेद जिप्सी में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के साथ परेड का निरीक्षण किया। सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर किया गया और पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। कलेक्टर ने तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे गगन में मुक्त किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इसके लिए पुलिस लाइन मैदान में बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाये गये थे। इसके बाद कलेक्टर द्वारा जिले की उपलब्धियों का लिखित बधाई संदेश का वाचन किया गया। समारोह में सुरक्षा बलों द्वारा आकर्षक और शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक संजीव कुमार रावत और सेकेण्ड इन कमांडर रक्षित निरीक्षक अंजू लकड़ा के नेतृत्व में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुषद्ध, जिला पुलिस बल महिला, जिला होमगार्ड बल, शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनसीसी गर्ल्स, वार्डस्ले स्कूल एनसीसी, सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वार्डस्ले सीनियर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल माधवनगर के स्कूल के स्काउट एवं गाइड्स सहित पुलिस बैंड दल, शौर्य दल शामिल रहे।

### उत्कृष्ट परेड पर ये हुए पुरस्कृत

समारोह स्थल में निर्णायक मंडल द्वारा दिये गए निर्णय के आधार पर परेड ग्रुप-ए में जिला पुलिस बल महिला को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरूष एवं जिला होमगार्ड को संयुक्त रूप से द्वितीय एवं विशेष सशस्त्र पुलिस बल को तृतीय स्थान मिला। वहीं परेड ग्रुप-बी में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झिंझरी के ब्यॉयज स्काउट दल को प्रथम, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर के ब्यॉयज स्काउट दल को द्वितीय एवं वार्डस्ले इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की गर्ल्स गाइड को तृतीय स्थान मिला। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा समूह नृत्य प्रतियोगिता में आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सरसवाही को प्रथम स्थान, बार्डस्ले इंग्लिस मीडियम स्कूल को द्वितीय स्थान और सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी को तृतीय स्थान मिला। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों से परिचय प्राप्त कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों और लोकतंत्र सेनानियों की कुशलक्षेम जानी। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले और शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### शौर्य स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के कार्यक्रम के समापन के बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने झिंझरी स्थित अमर शहीदों के शौर्य स्मारक में पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों के बलिदान का पुण्य स्मरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम के गायन के साथ हुआ। इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी ने किया। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, सहित पार्षद और बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण



80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया तथा जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है तथा राष्ट्रहित में कर्तव्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच मिष्ठान्न वितरित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम कार्यालय में महापौर ने फहराया तिरंगा





देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम कार्यालय परिसर में प्रातः 8 बजे गरिमामय वातावरण के बीच महापौर प्रीति संजीव सूरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ, जिससे पूरा निगम परिसर राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम में निगमायुक्त तपस्या परिहार, महापौर-इन-काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, जयनारायण निषाद उमेंद्र अहिरवार, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी, गोविंद चावला, मछुआरा प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्याम निषाद, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव एवं डब्बू रजक, उपयुक्त शैलेश गुप्ता, प्रियंका झारिया सहित नगर निगम के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्रनायकों को नमन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर महापौर ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी बोध कराती है। हमें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए शहर के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और कटनी शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। सामूहिक प्रयासों से ही शहर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में निगमायुक्त ने कहा कि हमें प्रतिदिन स्वयं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पालन करते हुए नागरिकों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

## नगर परिषद कैमोर में फहराया तिरंगा



नगर परिषद कैमोर में नगर परिषद अध्यक्ष पलक नामित ग्रोवर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों राष्ट्रगान का आयोजन किया गया कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया इसके पश्चात पार्षद राजेश नारायण पांडे ने स्वतंत्रता दिवस पर विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को अपनी शुभकामनाएं दी नगर परिषद उपाध्यक्ष संतोष केवट ने अपनी विकास की योजनाओं की जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि विकास के कार्य में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता निरीक्षक पृथ्वीराज सिंह किया इस अवसर पर पार्षद गण मनोनीत पार्षद गण तथा अमित शर्मा, सुशील दुबे, ऋषि राज दुबे, बिहारी लाल यादव आदि अधिकारी एवं कर्मचारी गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लोकप्रिय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक एवं नगर परिषद अध्यक्ष पलक नामित ग्रोवर एवं अन्य पदाधिकारी के साथ विजय राघवगढ़ से तिरंगा यात्रा निकाली गई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में भ्रमण किया।

## तिरंगे की शान में गूंजा शहर, कांग्रेसजनों ने आजादी के दीवानों को किया नमन



देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला ने शहर के विभिन्न प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर ध्वजारोहण किया। प्रमुख ऐतिहासिक स्थल जवाहर चौक, सुभाष चौक, रूई बाजार और स्वतंत्रता सेनानी भवन में तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन भी किया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी के दीवानों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके त्याग और संघर्ष को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से मिली आजादी देश की अमूल्य विरासत है। लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और देश की एकता-अखंडता को मजबूत बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कांग्रेसजनों ने तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रप्रेम, भाईचारे और संविधान के मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान भारत माता के जयकारों से शहर का माहौल देशभक्ति से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड अमित शुक्ला, करन सिंह चौहान, रजनी वर्मा, राजा जगवानी, प्रेम बत्रा, मारूफ अहमद हानिफी, मुश्ताक अहमद, राजेश जाटव, अजय जैसवानी, जितेन्द्र गुप्ता, मंगल सिंह, राहुल होतवानी, जार्ज डेविड, सलाहुद्दीन खान, अजय कोल, श्याम यादव, गुड्डू यादव, जितेन्द्र बड़गईया, रमेश अहिरवार, विनोद अहिरवार, शुभम सोनखरे, शशि यादव, रुक्मणि पांडे, साहिल नामदेव, हर्षित मिश्रा उपस्थित रहे।

## देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर डीपीएस में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम





विगत दिवस देश का 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ पूरे देश में मनाया गया। इस क्रम में डीपीएस कटनी में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के संस्थापक उत्तमचंद जैन, सपत्नीक प्रभा जैन, शाखा निदेशक अनुराग जैन, प्रबंध निदेशका जूही जैन, सह- निदेशक अनुज जैन, सपत्नीक विभा जैन की के द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा पुष्प गुच्छ अर्पित कर माँ सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन कर एकता एवं सद्भाव का संदेश दिया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तमचंद जैन के द्वारा ध्वजारोहण किया किया गया तथा ध्वज को सलामी देते हुए विद्यार्थियों द्वारा परेड निकाली गई तथा राष्ट्रगान का गायन कर इस ऐतिहासिक लम्हे को गति प्रदान की गई। इसके उपरांत विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय में पधारे अतिथि का स्वागत कार्ड एवं पौधा भेंट कर किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जैसे किसी ने देशभक्ति गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तो किसी ने संगीत संयोजन से दर्शकों का मनमोहन लिया, इतना ही नहीं बारी-बारी से विद्यार्थियों ने संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेज़ी भाषा में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

बच्चों ने अपने भाषण के माध्यम से यह बताया कि आज का दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण क्यों है तथा यह स्वतंत्रता हमें किन मूल्यों पर प्राप्त हुई है। इस पर भी प्रकाश डाला कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रबंध निदेशका जूही जैन ने समस्त नगर वासियों एवं विद्यार्थियों के नाम संबोधन में कहा कि यह स्वाधीनता हमें सहज ही प्राप्त नहीं हुई है। इसके लिए हमारे देश के अमर बलिदानियों जैसे- सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, रामप्रसाद बिस्मिल, महारानी लक्ष्मीबाई जैसे बड़े-बड़े महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को ये मुकाम प्रदान किया है। ऐसे में हम सभी भारतवासियों का यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता तथा इसकी अस्मिता को बरकरार रखने का हर संभव प्रयास करें तथा हम जहाँ पर भी हों वहाँ पर अपनी देशभक्ति प्रस्तुत करने का कोई भी क्षण ना गवाएँ। हम सब अपने देश की आज़ादी को इसी तरह बरकरार रखने तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद रखने एवं देश के स्मारकों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रहें।

इस प्रकार कार्यक्रम सफल रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक इमरोज़ नूर सर, नेहा गंभीर मिस, नेहा श्रीवास्तव मिस, रिचा राबर्टसन मिस, रिचा टंडन मिस, रागिनी मिस, रजत सर, अशोक राव सर, हर्षित चक्रवर्ती सर, साहिल सर, शहज़ादा खान सर, प्रिंसी मिस, नीतोश्री मिस, प्रतीक्षा मिस, उदय सर, विक्की सर, मयूर एंथोनी सर, आकांक्षा विश्वकर्मा मिस, रुचि गुप्ता मिस आदि शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जेपीवी डीएवी विद्यालय में 80 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया हर्षोल्लास के साथ




जेपीवी डीएवी विद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष-उल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि डॉ. कृतिका लहरिया, डॉक्टर शोभित चौदहा एवं अन्य अतिथि जनों की उपस्थिति एवं मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पूर्ण हुआ अतिथि जनों का विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तत्पश्चात अतिथि जनों ने देश के शहीदों को स्मरण करते हुए अमरजवान ज्योति स्मारक पर पुष्पमाला समर्पित कर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। व्यवस्थित ढंग से सजे संवरे प्रांगण में अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। विद्यालय प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण के साथ ही सभी उपस्थित अतिथि जनों व विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों से देश के कार्यों को व्यवहारिक जीवन में उतारने एवं राष्ट्र के विकास में उद्धत होने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए तथा देश के भक्तों को स्मरण करते हुए है अब जाग उठो कमर कसो मंजिल की राह बुलाती है कक्षा पांचवीं से ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत की सामूहिक प्रस्तुति दी। कक्षा नर्सरी एवं एलकेजी के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं यूकेजी के छात्रों के द्वारा देश भक्ति नृत्य रंग दे बसंती की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अगले क्रम में कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करते हुए तिरंगा देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी गई इसी क्रम में देश के शहीदों को स्मरण करते हुए छात्रा मुग्धम पंजवानी एवं स्वरा जैन ने अंग्रेजी भाषा में अपने विचार व्यक्त किए। इसी क्रम में कक्षा दूसरी के नन्हे विद्यार्थियों ने हम भारत से हैं भावों को पूर्ण करते हुए सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया तत्पश्चात कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों द्वारा देश पहले मां से है माटी के भावों से पूर्ण सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी इसी क्रम में छात्र मंत्रम पंजवानी एवं छात्रा आराध्या सिंह के द्वारा देश के भक्तों को याद करते हुए हिन्दी भाषा में अपने विचार व्यक्त किए गए। तत्पश्चात कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने बची अम्मा एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थी आद्रिक भट्टाचार्य द्वारा एक मनमोहक कविता की प्रस्तुति दी गई। इसी क्रम में कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों ने जय जवान जय किसान विषय आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। इसी अवसर पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सनशाइन एकेडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



सनशाइन एकेडमी, राहुलबाग में 15 अगस्त के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, नृत्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को याद किया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई। विद्यालय परिवार ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए देश की एकता, अखंडता और प्रगति का संदेश दिया।

## आज महाकालेश्वर मंदिर में कालसर्प दोष का निवारण और राहु केतु के लिए विशेष पूजन अर्चन

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** 108 शिवलिंग महाकालेश्वर मंदिर बोरदाई टेकरी में 17 अगस्त तृतीया सोमवार एवं नाग पंचमी का संयोग बन रहा है प्रातः काल भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक प्रारंभ हो जाएगा सोमवार नाग पंचमी के दिन कालसर्प दोष का निवारण और राहु केतु के लिए विशेष पूजन अर्चन किया जाता है सनातन संस्कृत में नाग देवता का पूजन करने का विशेष महत्व है जहां मंदिर में नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजन विधि विधान से होगा शाम के समय भगवान भोलेनाथ की महा आरती होगी श्रावण महीने में पेड़ लगाना अति उत्तम माना जाता है दिन-रात ऑक्सीजन देने वाले पीपल में ब्रह्मा विष्णु और शिव का वास होता है पद्म पुराण में कहा गया है कि एक पीपल का वृक्ष लगाने से मनुष्य को यज्ञ करने से भी अधिक पुण्य प्राप्त होता है पीपल के दर्शन से पापों का नाश होता है स्पर्श से लक्ष्मी की प्राप्ति और पीपल की परिक्रमा करने से आयु बढ़ती है।

# बंजारी घाटी में चलते कंटेनर में भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

सिवनी स्वतंत्र मत



सिवनी जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बंजारी घाटी के पास रविवार सुबह करीब 8.30 बजे चलते कंटेनर में भीषण आग लग गई। सिवनी से जबलपुर की ओर जा रहे कंटेनर में आग लगते ही चालक ने वाहन को सड़क किनारे रोका और कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने पूरे कंटेनर को चपेट में ले लिया।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के कुछ ही समय बाद कंटेनर से तेज लपटें उठने लगीं और आसपास धुएं का गुबार फैल गया। इस दौरान कंटेनर से दो बार धमाके जैसी तेज आवाजें भी सुनाई दीं। आवाज सुनकर मौके पर मौजूद लोग सुरक्षित दूरी पर चले गए।

घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। आग के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर यातायात भी प्रभावित हुआ। सिवनी-जबलपुर के बीच यह मार्ग व्यस्त होने के कारण जलते कंटेनर को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। गनीमत रही कि हादसे के दौरान कंटेनर के आसपास कोई दूसरा वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा टल गया। कंटेनर से धमाके जैसी आवाजें आने के कारण मौके पर कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा।

**आग लगने का कारण जांच के बाद होगा स्पष्ट-** कंटेनर में आग लगने का वास्तविक कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी या किसी अन्य वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने और स्थिति को नियंत्रित करने की कार्यवाई की। आग से कंटेनर को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रीलंका के खिलाफ दूसरे दिन मजबूत स्थिति में भारत

### स्कोर-460/9, पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली, ध्रुव जुरेल और केएल राहुल की फिफ्टी



**गॉल ।** भारत ने बारिश की बाधा के बीच ही श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 460 रन बना लिए थे। भारत की ओर से सबसे अधिक 167 रन देवदत्त पडिक्कल ने बनाये। दूसरे दिन क खेल समाप्त होने के समय प्रसिद्ध कृष्णा 1 रन और कुलदीप यादव 12 रन बनाकर खेल रहे थे।

बारिश के कारण खेल देर से शुरु हुआ पर पडिक्कल ने अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखते हुए पहले दिन के अपने शतक को दूसरे दिन 150 रनों के पार पहुंचाया। उन्होंने धैर्य से खेलते हुए मेजबान गेंदबाजों को लगातार परेशान किया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाए थे, जिसमें पडिक्कल के साथ केएल राहुल ने भी महत्वपूर्ण 82 रनों का योगदान दिया था। राहुल, पहले दिन 77 रन बनाकर खिंचाव के कारण् रिटायर हर्ट हो गए थे। दूसरे दिन की शुरुआत भारतीय बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रही। लगातार बारिश और मैदान गीला होने के कारण दिन का खेल दोपहर 2:35 बजे ही शुरू हो सका। इस लंबे अंतराल का फायदा श्रीलंकाई गेंदबाजों ने उठाया। वे पहले दिन की तुलना में अधिक अच्छी लाइन एवं लेंथ के साथ गेंदबाजी करते नजर आए और भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में सफल रहे। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 288 रन से की थी।

सुबह क्रीज पर आते ही बल्लेबाज ऋषभ पंत कुछ असहज दिखे और ऑफ स्पिनर केशरा नुवांथा के खिलाफ संघर्ष करते हुए नजर आए।

वह बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में 39 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके तुरंत बाद, शनिवार को ऐंठन के कारण 77 रन पर रिटायर हर्ट हुए लोकेश राहुल केवल चार रन जोड़कर नुवांथा की गेंद के टर्न और उछाल को समझने में नाकाम रहे और शॉर्ट लेग पर निशान मधुशंका को आसान कैच थमा दिया। महज 12 रन के भीतर दो बड़े विकेट हासिल करने से श्रीलंकाई गेंदबाजों का आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने अपनी पकड़ मजबूत की। हालांकि, एक छोर पर देवदत्त पडिक्कल चट्टान की तरह डटे रहे और अपनी शानदार पारी को जारी रखा।

# महिला हॉकी वर्ल्ड कप में भारत-चीन मैच 2-2 से ड्रॉ

### नवनीत-दीपिका ने गोल दागे, यिंग-निंग ने भी गोल किए



**एम्सटेलवीन।** टीम इंडिया ने महिला हॉकी वर्ल्ड कप के पहले मैच में नंबर-4 रैंक चीन को 2-2 के ड्रॉ पर रोक लिया। टीम का अगला मैच साउथ अफ्रीका से होगा। वैगनर स्टेडियम में रविवार को 8वें मिनट में नवनीत कौर ने फील्ड गोल करके इंडिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। 15वें मिनट में चीन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। झांग यिंग ने पेनल्टी पर गोल स्कोर किया। 25वें मिनट में दीपिक ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को आगे कर दिया। 39वें मिनट में मा निंग ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर बराबर किया। आखिरी क्वार्टर में चीन ने दबाव बनाया, लेकिन भारत ने मजबूती से बचाव करते हुए मैच ड्रॉ कराया। भारत ने आक्रामक शुरुआत की और गेंद अपने पास रखकर चीन पर दबाव बनाया। सर्कल के अंदर फाउल के कारण उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन नवनीत के शॉट को चीन की डिफेंस ने रोक लिया। 8वें मिनट में नेहा ने गेंद सर्कल में भेजी और नवनीत ने इसे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। चीन धीरे-धीरे मैच में लौटा और भारतीय सर्कल में मौके बनाने शुरू किए। 14वें मिनट में सर्कल के अंदर फाउल के लिए चीन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। भारत ने इस फैसले के खिलाफ रेफरल लिया, लेकिन फायदा नहीं हुआ। यिंग झांग ने साविता को गलत दिशा में भेजते हुए पेनल्टी को गोल में बदल दिया और स्कोर 1-1 कर दिया।

### दीपिका के गोल से हाफ टाइम तक भारत आगे

गोल खाने के बाद भी भारत ने संयम बनाए रखा और दूसरे क्वार्टर की शुरुआत मजबूत की। शिल्पी ने सर्कल के अंदर चीन के प्रयास को रोकने के लिए साहसिक डिफेंस किया। भारत चीन की डिफेंस में जगह बनाने में कामयाब रहा। नवनीत ने चीन की पहली डिफेंस लाइन के पीछे पहुंचकर एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया।



तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में जारी सुपर लीग फुटबॉल में खेलते मोहम्मद सालाह व अन्य खिलाड़ी।

## मेसी गोल दागने में असफल रहे, इंटर मियामी 4-1 से हारी



**रोम ।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी मेजर लीग फुटबॉल (एमएलएस) में नैशविल के खिलाफ गोल करने में असफल रहे। इससे उनकी टीम इंटर मियामी को 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा है। वहीं लीग्स कप में पहले ही दो मैचों में हार झेलने वाली इंटर मियामी की ये तीसरी हार थी। इस मैच के 23वें मिनट में ही इंटर मियामी को एक पेनल्टी मिली, जिसे गोल में बदलने में मेसी असफल रहे।

# जोकोविच उलटफेर का शिकार, अर्जेंटीना के थियागो जीते

### पेगुला, एलेक्जेंड्रा जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंची

**मेसन।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच को सिनसिनाटी ओपन के पहले ही दौर में अर्जेंटीना के उभरते हुए खिलाड़ी थियागो अगस्टिन तिरांते ने हराकर सनसनी फैला दी। तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में थियागो ने 6-2, 6-4, 6-4 से जीत हासिल कर अपने करियर का अब तक का सबसे बड़ा मुकाबला जीता।

जोकोचिव नरे पहला सेट आसानी से 6-2 से जीत लिया था पर थियागो ने बचे हुए दोनो सेट 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। करीब तीन घंटे तक चले मुकाबले में विश्व के



पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। सिनसिनाटी ओपन में बार से निराश जोकोविच अब साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम, अमेरिकी ओपन में जीत दर्ज करने का प्रयास करेंगे। अमेरिकी ओपन का आयोजन 30 अगस्त से न्यूयॉर्क में होना है। वहीं, महिला वर्ग में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलेना-गैब्रिएला रूसे को हराया। एलेन मैचय में पहला सेट हारने के बाद चोटिल होने के कारण मैच से हट गयीं। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की जेसिका पेगुला ने सिमोना वाल्टरट को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से पराजित किया।

# रोहित और कोहली को लेकर अश्विन ने की भविष्यवाणी

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने दिग्गज बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर भविष्यवाणी की है। अश्विन के अनुसार जहां रोहित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास के बाद मुम्बई इंडियंस में कोच बनेंगे। वहीं विराट अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में कोच नहीं बनेंगे। रोहित और कोहली अपने शानदार क्रिकेट के अंतिम चरण में हैं जिसके कारण प्रशंसक संन्यास के बाद जानना चाहते थे कि ये दोनो क्या करेंगे। अश्विन ने इसी को लेकर कहा कि जहाँ रोहित कोचिंग की भूमिका के लिए तैयार हो सकते हैं, वहीं कोहली संभवत: खेल से कुछ समय के लिए दूरी बना सकते हैं। अश्विन ने एक कार्यक्रम में कहा उन्हें नहीं लगता कि विराट एकदम से कोचिंग की जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार होंगे। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि विराट तुरंत कोच बनने के लिए तैयार होंगे। वह शायद खेल से ब्रेक लेना चाहेंगे। अश्विन ने कहा कि कोहली अपने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्वभाव और खेल के प्रति गहन जुनून के बाद शायद कुछ समय के लिए शांति और आराम करना पसंद करेंगे, बजाय इसके कि वे तुरंत एक



नई, गहन भूमिका में उतरें, जिसके लिए उतनी ही प्रतिबद्धता और ऊर्जा की आवश्यकता होती है। दूसरी ओर अश्विन का मानना है कि यदि रोहित शर्मा अपने खेलने के करियर को समाप्त करने का फैसला करते हैं, तो मुंबई इंडियंस को उन्हें तुरंत अपने डगआउट में शामिल कर लेना चाहिए। अश्विन ने जोर देकर कहा, अगर कल रोहित यह तय करते हैं कि मैं नहीं खेलूंगा, तो मुंबई इंडियंस को तुरंत उन्हें शामिल कर लेना चाहिए। एक ऐसा कप्तान जिसने पांच खिताब जीते हों और भारत को विश्व कप में अपनी कप्तानी से नेतृत्व दिया हो ऐसे लोग आसानी से नहीं मिलते। अश्विन ने रोहित के अपार अनुभव और नेतृत्व गुणों पर प्रकाश डाला, जो किसी भी टीम के लिए अमूल्य साबित हो सकते हैं।

अश्विन ने अपनी राय रखते हुए आगे कहा कि भले ही रोहित तुरंत हेड कोच जैसी अत्यधिक मेहनत वाली भूमिका नहीं निभाना चाहें, फिर भी एक-दो साल के ब्रेक के बाद वे किसी अन्य भूमिका में वापसी कर सकते हैं।

# विदेशी करेंसी की मांग में छोटे शहर बने नए ग्रोथ इंजन

### टियर-2 और टियर-3 शहरों की कुल हिस्सेदारी 53 फीसदी

**नई दिल्ली ।** भारत में विदेशी करेंसी (फॉरेक्स) की मांग अब केवल देश के मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छोटे शहर इसके नए ग्रोथ इंजन के रूप में उभरे हैं। थॉमस कुक इंडिया की फॉरेक्स रिपोर्ट 2026 के अनुसार, विदेशी मुद्रा की कुल मांग में टियर-2 और टियर-3 शहरों की संयुक्त हिस्सेदारी आधे से ज्यादा (53 फीसदी) हो गई है, जो टियर-1 शहरों से अधिक है। यह आंकड़ा भारत में आर्थिक विकास के विकेंद्रीकरण और छोटे शहरों के निवासियों की बढ़ती वैश्विक आकांक्षाओं को दर्शाता है। रिपोर्ट बताती है कि समीक्षाधीन अवधि में, अकेले टियर-2 शहरों की हिस्सेदारी 41 फीसदी रही, जबकि टियर-3 शहरों का योगदान 12 फीसदी था, जिससे संयुक्त हिस्सेदारी 53 फीसदी हो गई। इसके विपरीत, मेट्रो शहरों सहित टियर-1 शहरों का योगदान 47 फीसदी रहा। रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि उभरता हुआ भारत फॉरेक्स ग्रोथ के अगले चरण को आगे बढ़ा रहा है, जिसमें टियर-2 और टियर-3 शहर कुल मांग के आधे से ज्यादा हिस्से का योगदान कर रहे हैं।

फॉरेक्स की मांग का सबसे बड़ा हिस्सा घूमने-फिरने (पर्यटन) से जुड़ा है, जिसकी कुल ट्रांजैक्शन में 57 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। कॉर्पोरेट यात्रा का योगदान 27 फीसदी और छात्रों की विदेश यात्रा का 16 फीसदी रहा। यह दर्शाता है कि भारतीय अब सिर्फ व्यापार या पढ़ाई के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यटन के लिए भी विदेशों का रुख कर रहे हैं। उम्र के हिसाब से, 25-40 साल के आयु वर्ग ने फॉरेक्स के इस्तेमाल में सर्वाधिक (37 फीसदी) योगदान दिया, इसके बाद 41-60 साल के यात्रियों (36 फीसदी) का स्थान रहा।




# होर्मुज तनाव, कच्चा तेल और अमेरिकी नीतिगत संकेत तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

**मुंबई।** इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ता तनाव, अमेरिका-ईरान संबंधों में अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से निर्धारित होगी। विश्लेषकों का मानना है कि निवेशक सोमवार को जारी होने वाले अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे और चीन के आर्थिक आंकड़ों पर भी पैनी निगाह रखेंगे। बीते सप्ताह स्थानीय बाजारों में तेज गिरावट दर्ज की गई थी, जिसके बाद अब वैश्विक घटनाक्रमों पर ध्यान केंद्रित हो गया है। शेयर बाजार के जानकारों के अनुसार कंपनियों के तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के बाद अब निवेशकों का ध्यान घरेलू कारकों से हटकर वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की गतिविधियों पर केंद्रित हो गया है। रिलायंस ब्रोकिंग के एक अधिकारी ने बताया कि निकट अवधि में होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम और ब्रेंट कच्चे तेल की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण कारक होंगे। उन्होंने आगे कहा कि चूंकि आने वाला सप्ताह आंकड़ों के लिहाज से अपेक्षाकृत हल्का है, ऐसे में वैश्विक मौद्रिक नीति, कच्चे तेल की कीमतें और भू-राजनीतिक स्थिति ही बाजार को दिशा देंगी। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा 19 अगस्त को जारी किया जाएगा, जिससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत रुख को लेकर अहम संकेत मिलेंगे। यदि फेडरल रिजर्व का रुख अपेक्षा से अधिक आक्रामक दिखाई देता है।

> **अमेरिकी एफओएमसी के ब्योरे से लेकर चीन के आर्थिक आंकड़े तक रहेगा बाजार का फोकस**

# लागत से नीचे बिक्री से सोयाबीन सीपीओ और पामोलिन तेलों में गिरावट

### आयातकों द्वारा बैंक कर्ज चुकाने का दबाव सरकारी बैंकों और किसानों के लिए चिंता का विषय

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के खाद्य तेल बाजार में आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर की गई बिकवाली के कारण बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सोयाबीन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलिन जैसे आयातित खाद्य तेलों में लगातार गिरावट बनी रही, जिससे घरेलू बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित हुई और सरसों तेल के दाम भी नीचे आए। इस बिक्री के पीछे आयातकों द्वारा बैंक कर्ज चुकाने का दबाव बताया जा रहा है, जो सरकारी बैंकों और अंतत: किसानों के लिए चिंता का विषय बन रहा है। आयातित तेलों के 22-28 रुपये प्रति किलो सस्ते होने के कारण घरेलू मांग कमजोर रही। इसका असर मूंगफली तेल-तिलहन पर भी पड़ा, जिनकी कीमतें स्थिर रहीं। सरसों तिलहन और तेल में भी कोई खास बदलाव नहीं आया, क्योंकि किसान कम दाम पर बेचने को तैयार नहीं थे और ऊंचे भाव पर तेल खप नहीं



रहा था। इसके विपरीत केवल बिनौला तेल में ब्रांडेड कंपनियों की बढ़ती मांग और कम उपलब्धता के कारण तेजी दर्ज की गई। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 8,300-8,350 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर बना रहा। जबकि सरसों तेल दादरी 25 रुपये की गिरावट के साथ 16,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल भी क्रमश: 5-5 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश: 2,725-2,825 रुपये और 2,725-2,875 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाना और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमश: 400-400 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश: 6,900-6,950 रुपये और 6,750-6,850 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये की गिरावट के साथ 15,675 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन इंदौर तेल 50 रुपये की गिरावट के साथ 15,525 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल 100 रुपये की गिरावट के साथ 12,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन का दाम 7,350-7,925 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 17,000 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,680-2,980 रुपये प्रति टिन पर स्थिर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम भी 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली 75 रुपये की गिरावट के साथ 15,575 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल 75 रुपये की गिरावट के साथ 14,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। ब्रांडेड कंपनियों की औद्योगिक मांग बढ़ने और उपलब्धता कम रहने के बीच एकमात्र बिनौला तेल का दाम 200 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह सरसों दाना 8,300-8,350 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर बना रहा। जबकि सरसों तेल दादरी 25 रुपये की गिरावट के साथ 16,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल भी क्रमश: 5-5 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश: 2,725-2,825 रुपये और 2,725-2,875 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली 75 रुपये की गिरावट के साथ 15,575 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल 75 रुपये की गिरावट के साथ 14,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। ब्रांडेड कंपनियों की औद्योगिक मांग बढ़ने और उपलब्धता कम रहने के बीच एकमात्र बिनौला तेल का दाम 200 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# बीमा कंपनियों को चेतावनी, सिर्फ आरोप से क्लेम खारिज नहीं, देना होगा सबूत



**नई दिल्ली।** तेलंगाना राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (टीएससीडीआरसी) ने बीमा कंपनियों के लिए एक अहम फैसला सुनाया है। अब केवल जानबूझकर जानकारी छिपाने का आरोप लगाने से डेथ क्लेम खारिज नहीं होगा, बल्कि कंपनी को यह साबित भी करना होगा। आयोग ने टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस को एक परिवार को 1 करोड़ रुपये का डेथ क्लेम ब्याज सहित चुकाने का आदेश दिया है। केंद्रीय उत्पाद शुल्क के सेवानिवृत्त अधिकारी रामदास विसलावथ ने अक्टूबर 2019 में टाटा एआईए से 1 करोड़ रुपए की पॉलिसी ली थी। मई 2021 में कोविड-19 से उनकी मृत्यु के बाद कंपनी ने क्लेम यह आरोप लगाकर खारिज किया कि उन्होंने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के एक पुराने, बीमा आवेदन की जानकारी छिपाई थी। हालांकि, आयोग ने कंपनी के तर्कों को खारिज कर दिया।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर चीनी, सरकार ने बड़े खरीदारों पर कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** चीनी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। खाद्य मंत्रालय ने अब बड़े औद्योगिक खरीदारों से चीनी खपत का डेटा तलब किया है और मिलों के स्टॉक की फिजिकल जांच कर रहा है, ताकि बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाई जा सके। सॉफ्ट-ड्रिंक, आइसक्रीम, मिठाई निर्माता और फूड प्रोसेसर जैसे बड़े खरीदार देश की कुल चीनी खपत का लगभग 65 फीसदी इस्तेमाल करते हैं। मंत्रालय ने चीनी मिलों से वित्त वर्ष 2025-26 में सीधे या एजेंट के जरिए 500 टन या उससे अधिक चीनी खरीदने वाले ग्राहकों की विस्तृत जानकारी मांगी है। यह कदम मिलों में की गई फिजिकल जांच के नतीजों पर आधारित है, जहां कुछ मामलों में बड़े खरीदारों को बेची गई चीनी का स्टॉक मिलों के गोदामों में ही मिला, लेकिन उसे मिलों ने अपने आधिकारिक पी-2 फॉर्म में घोषित नहीं किया था। सरकार ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए पहले ही चीनी डीलरों पर स्टॉक लिमिट लगाई थी और 1 अगस्त से 14 अगस्त के बीच चीनी मिलों के पास मौजूद स्टॉक की फिजिकल जांच की घोषणा की थी।


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th August
मान्. धर्मेन्द्र सिंह लोधी
विधायक जबेरा
पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास
एवं धर्मस्व राज्यमंत्री

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th August
मान् . लखन पटैल
विधायक पथरिया
पशुपालन एवं डेयरी विभाग
राज्यमंत्री

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th August
श्रीमति उमा देवी खटीक
विधायक हटा
जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति मालती असाटी
पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष
जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश सिंह मरकाम
एस.डी.एम
हटा जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद सिंह लोधी
थाना प्रभारी तेजगढ जिला - दमोह

mycem cement
HEIDELBERGCEMENT INDIA
HAPPY INDEPENDENCE DAY
Honouring Freedom • Inspiring the Future
Towards Viksit Bharat 2047

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद कलादगी
पुलिस अधीक्षक
सुजीत सिंह भदौरिया
अति. पुलिस अधीक्षक
पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विष्णु प्रसाद पटैल
समिति प्रबंधक बांदकपुर
तालिफ खान
समिति प्रबंधक
टिकरी पिपरिया
अलोक सिंह ठाकुर
समिति प्रबंधक गुंजी नौनपानी
कमल यादव
समिति प्रबंधक
हिण्डोरिया
श्री अलोक सिंह
समिति प्रबंधक कुआखेड़ा नायक
श्री अलोक सिंह
समिति प्रबंधक बिलाई

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री मंजू पटैल
किस्क बैंक संचालक सिंग्रामपुर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य दाहिया
सहायक अपूर्ति अधिकारी
खाद्य विभाग जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री
हाऊसिंग बोर्ड जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री सुमित तिवारी
आजिविका मिशन तेन्दूखेड़ा
राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तेन्दूखेड़ा

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री एच.आर. पाडे
नगर पुलिस अधीक्षक
जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री मनीष सिंह
कोतवाली थाना प्रभारी
जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री प्रताप नारायण यादव
कलेक्टर
श्री प्रवीण फुलपगारे
मुख्यकार्यपालन अधिकारी
आजीविका मिशन जिला- दमोह

15th अगस्त
आइए, स्वतंत्रता दिवस पर
हम सब मिलकर देश की एकता,
अखंडता और प्रगति के लिए
संकल्प लें।
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
जय हिन्द । वंदे मातरम्
पुरुषोत्तम राय
सम्राट राय
संचालक
महावीर पैलेस एंड रिसॉर्ट दमोह,
78703-51111

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जे.पी. टोबेको प्रोडक्टस प्रा. लि.
शेठप्रहलाद भाई मार्ग , पथरिया फाटक,
दमोह (म.प्र.) फोन. 221028
स्टाकिस्ट: श्री लक्ष्मी एजन्सी, पलंदी चौराहा, दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ताम्रकार स्टोन क्रेशर
दमोह
आदित्य, पीशू ताम्रकार

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
उपसंचालक
कृषि विभाग जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
पप्पू शर्मा
शासकीय आबकारी ठेकेदार
चंपत पिपरिया जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी
सिंग्रामपुर
ग्राम वन समिति भैंसा सिंग्रामपुर

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष गंगेले
शासकीय आबकारी ठेकेदार
जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अनिल यादव
शासकीय आबकारी ठेकेदार
जिला- दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविदीप बैन
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन विभाग जिला- दमोह




## ▶▶ अभा हिन्दी परिषद की महाकौशल प्रांतीय इकाई का गठन

### हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने लिया संकल्प

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृष्ण मार्ग, सुहागी में राजभाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा का गौरव दिलाने के लिए कृत संकल्पित संस्था वैश्विक हिंदी महासभा द्वारा हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के साथ हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया। संयोजक डॉ. कौशल दुबे, संरक्षक डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ.कमलेश कुमार व्यास, डॉ.शकुन्तला चौधरी, मार्गदर्शक मंडल- डॉ. उदयभानु तिवारी, अभिमन्यु जैन, उमाशंकर दुबे, राजेश दुबे, सुरेश मिश्र विचित्र,रवीन्द्र राघव, डॉ.संध्या जैन आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## ▶▶ ओवरहॉलिंग का चलेगा कार्य, यातायात रहेगा बंद

### 24 अगस्त तक बंद रहेगा अधारताल देवरी समपार फाटक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में अधारताल-देवरी रेलखंड के बीच स्थित समपार फाटक क्रमांक 323 पर रेलपथ के अनुरक्षण एवं सुरक्षा संबंधी ओवरहॉलिंग कार्य किया जाएगा। रेल प्रशासन के अनुसार यह कार्य 17 अगस्त को सुबह 8 बजे से 24 अगस्त को शाम 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान समपार फाटक क्रमांक 323 के अप एवं डाउन रोड पर सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में निकटवर्ती समपार फाटक क्रमांक 324 (छतरपुर फाटक) तथा इमलिया फाटक का उपयोग किया जा सकेगा।





# मूसलाधार बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जन-जीवन, लबालब हुआ बरगी बांध

### कभी भी खोले जा सकते हैं डैम के गेट, नर्मदा तटों पर अलर्ट जारी





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**
रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी जलाशय में लगातार बढ़ रही पानी की आवक ने परियोजना प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। रविवार रात्रि 8 बजे बांध का जल स्तर 420.45 मीटर आंका गया। वर्तमान मे बांध की जल उपयोगी क्षमता 2576 एमसीएम (81 प्रतिशत) है। वर्तमान मे बांध मे पानी की आवक 744 क्यूमिक है। गेट ऑपरेशन मैनुअल के अनुसार 15 अगस्त तक बांध का जल स्तर 421.00 मीटर (86.00) रखना प्रस्तावित है। जल भराव क्षेत्र मे मौसम विभाग के पूर्वानुमान एवं वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए आगामी 24 घंटे के अंतराल में बांध से जल की निकासी की जा सकती है।

#### लगातार हो रही जलाशय की निगरानी

इधर बरगी बांध के अधिकतम जलस्तर को ध्यान में रखते हुए वर्तमान स्थिति में परियोजना प्रशासन लगातार जलाशय की निगरानी कर रहा है। पानी की आवक बढ़ने और जलस्तर में लगातार वृद्धि होने पर जलद्वार खोलकर पानी की निकासी शुरू करनी पड़ सकती है। इस दौरान बांध के जलद्वार खोले जाने पर नर्मदा नदी में पानी की मात्रा बढ़ेगी। इससे जबलपुर सहित नर्मदा के घाटों और तटीय क्षेत्रों में 3 से 4 फीट तक जलस्तर बढ़ने की संभावना है। परियोजना प्रशासन ने लोगों से नदी के घाटों और तटीय क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।

#### पहले दी जाएगी सूचना

कार्यपालन यंत्री बरगी बांध राजेश सिंह के मुताबिक बांध के जलद्वार खोलने से पहले संबंधित अधिकारियों और निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को वायरलेस मैसेज और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना दी जाएगी। बांध में पानी की आवक के अनुसार पानी की निकासी की मात्रा को कभी भी घटाया या बढ़ाया जा सकता है। बांध प्रबंधन ने अपील की है कि लोग नर्मदा के घाटों पर जाने से बचें और जलद्वार खुलने की स्थिति में नदी एवं तटीय क्षेत्र में किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

#### लगातार हो रही जिले वर्षा

विगत 14 अगस्त से जिले में लगातार वर्षा हो रही है। इससे बरगी बांध के जलस्तर में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। इधर लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त वयस्त हो गया है। शहर के कई हिस्सों में भारी जल भराव देखने का मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को अधिकतक तापमान 26 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

# सड़कों पर जल्द दौड़ेंगी पीएम ई-बस, सीएम करेंगे शुभारंभ

### मंत्री राकेश सिंह ने किया चार्जिंग स्टेशन एवं डिपो का गहन निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

संस्कारधानी के नागरिकों को जल्द ही अत्याधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल जन परिवहन की एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। शहर में शीघ्र ही पीएम ई-बस सेवा की शुरुआत होने जा रही है, जिसका भव्य शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। इस सेवा के शुरू होने से शहरवासियों को न केवल आवागमन के लिए एक सुलभ, आरामदायक और किफायती साधन मिलेगा, बल्कि यह कदम जबलपुर को प्रदूषण मुक्त और स्मार्ट शहर बनाने में भी मील का पत्थर साबित होगा। शुभारंभ की तैयारियों को को लेकर मंत्री राकेश सिंह ने कठौदा स्थित अत्याधुनिक ई-बस चार्जिंग स्टेशन एवं डिपो का गहन निरीक्षण किया।



#### समय सीमा पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिंह ने बसों की व्यवस्थाओं, उनकी तकनीकी सुविधाओं और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय सीमा के भीतर और सर्वोच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार तथा क्षेत्रीय पार्षद मोनिका पुष्पेंद्र सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### सिहोरा में कांवड़ यात्रा का आयोजन आज

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** भगवान शिव की भक्ति और आस्था से जुड़ी सिहोरा की प्रसिद्ध कांवड़ यात्रा आज 17 अगस्त को हिरन नदी घाट खितौला से प्रारंभ होगी। इस वर्ष कांवड़ यात्रा का 15वां वर्ष है।कांवड़ यात्रा सुबह 8 बजे हिरन नदी घाट, खितौला से प्रारंभ होगी। कांवड़िए हिरन नदी से पवित्र जल लेकर खितौला और सिहोरा नगर का भ्रमण करते हुए प्रसिद्ध बाबाताल शिव मंदिर पहुंचेंगे। यहां हिरन नदी से लाए गए जल से भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया जाएगा। आयोजन समिति की विशेष पहल के तहत यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों को कांवड़ स्वयं आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

# कुर्मी सेवा संस्थान ने किया प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हर वर्ष की तरह कुर्मी समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को इस साल भी सम्मानित किया गया। सामाजिक संगठन द्वारा जबलपुर व जिले के सभी ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि रविंद्र कुर्मी तहसीलदार जबलपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि समय का सदुपयोग करते हुए विषय विशेषज्ञ और अपने लक्ष्य निर्धारित करके आगे अपनी तैयारी करें जिससे हम उसे लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की। उपस्थित अतिथियों सोनू कुर्मी, विवेक पटेल ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा, शिक्षा ही हमारी उन्नति की प्रथम सीढ़ी है जो हमें ऊर्जस्वित करके जीवन के हर क्षेत्र में निडरता से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। जिसके लिए हमें नई पीढ़ी को निरंतर अग्रसारित करने हेतु कार्य करने हैं। अध्यक्षता




करते हुए नारायण सिंह चौधरी कहा, सभी को आज के इस आयोजन में बेटियों की भी उतनी भागीदारी है जितनी हमारे बेटों की है। गर्व से कह सकते हैं कि समाज में अभिभावक पुत्रियों को भी योग्यतानुसार अच्छी शिक्षा के लिए जागरूक होकर पूर्ण शिक्षित कर रहे हैं। और हर वर्ष हमारे योग्य बच्चों की संख्या उत्कर्ष की ओर बढती जा रही है। मुख्य कार्यक्रम संयोजक पूर्व अध्यक्ष महेश पटेल, शिक्षक सुशील पटेल, ब्रजेश पटेल ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को सम्मानपत्र व मैडल से सम्मानित करने का दायित्व सम्हाला। कार्यक्रम में युवा अध्यक्ष राजकिशोर, संभागीय अध्यक्ष विवेक पटेल, सचिव कामता प्रसाद, ट्रस्टी सदस्य एड रमेश पटेल, अजय पटेल, भारत पटेल, अलका मधुसूदन पटेल, डॉ लोकेश पटेल, देवी प्रसाद पटेल, डॉ अनिल गौर, सविता पटेल, मीना पटेल का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नंदन पटेल द्वारा किया गया। कक्षा 10वीं में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र अनुराग पटेल, मनीष पटेल 97.8 प्रतिशत, कक्षा बारहवीं में कुमारी अष्टमी पटेल, प्रमोद, निशा पटेल को 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सरदार पटेल का मूमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम अंत में शांति पाठ का किया गया।

**रक्तदान सेवा का भी आयोजन**

समाज में व्याप्त कुरीति हो दहेज प्रथा, नशा मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण एवं रक्तदान का भी आयोजन किया गया। रक्तदान सेवा में 27 प्रतिभागियों ने 27 यूनिट ब्लड समाज के लोगों ने दान किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनका बहुत-बहुत धन्यवाद किया और सभी को व्यक्तिगत रूप से प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### मकान के नीचे खड़े युवक पर भरभराकर गिरी ईंट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल तरमहाई बाजार में बिना सुरक्षा के मकान तोड़ने के दौरान एक युवक के सिर पर ईं गिर गई। इस हादसे में युवक का सिर फट गया। घटना के समय मौजूद लोगों ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज कराया गया। इसके बाद घायल और स्थानीय लोग शिकायत करने लार्डगंज थाने पहुंचे।स्थानीय लोगों ने बताया कि राखी के त्यौहार के चलते बाजार में महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ थी। इसके बावजूद दूसरी मंजिल पर बिना सुरक्षा इंतजाम के मकान तोड़ने का काम चल रहा था।

इसी दौरान ऊपर से एक ईंट नीचे आ गिरी और वहां खड़ा युवक उसकी चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऊपर की दुकान किसी शर्मा नाम के व्यक्ति की है। बारिश के दौरान भी बिना सुरक्षा के मकान तोड़ने का काम कराया जा रहा था।






# हितकारिणी देवताल विद्यालय और चिल्ड्रन्स एकेडमी ने मिलकर मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवताल एवं हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी देवताल के संयुक्त तत्वावधान में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह का गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितकारिणी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय गढ़ा के शासी निकाय के अध्यक्ष शिवदत्त मिश्रा रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव, उप प्राचार्य राजीव तिवारी एवं वरिष्ठ शिक्षक संजय पांडे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी की प्राचार्या तृप्ति नारायण सहित दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां एवं आकर्षक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। वहीं किंडर गार्डन के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव एवं प्राचार्या तृप्ति नारायण ने अपने उद्बोधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उप प्राचार्य राजीव तिवारी द्वारा प्रस्तुत आभार प्रदर्शन साथ हुआ। उन्होंने मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।












# हितकारिणी शाला गोविंदगंज में मनाया गया आजादी का पर्व



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी शाला गोविंदगंज में आज देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस बेहद उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि हितकारिणी सभा उपसभापति अशोक गुप्ता, मुख्य अतिथि वरिष्ठ सदस्य शासी निकाय दीपक राठौड़ और शाला की प्राचार्य ज्योत्सना दीक्षित एवं वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र कुमार तिवारी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अशोक गुप्ता ने अपने संबोधन में छात्रों को स्वतंत्रता सेनानी के बलिदान की याद दिलाए तथा उन्हें देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया । ध्वजारोहण के बाद शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई ,जिसमें देशभक्ति गानों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां , स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित भूषण आदि प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में छात्र परिषद चुनाव में चुने हुए विद्यार्थियों द्वारा अपने कर्तव्यों के पालन की शपथ ली गई एवं विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को बैच व सितारे लगाकर पद प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका पूनम पटेल, रत्ना मिश्रा, अंजलि सिद्धा, हरीश विश्वकर्मा, दिनेश झरिया, सना परवीन, अंजना सिंह, मोहम्मद आसिफ खान, कंचन बिलैया, प्रज्ञा शर्मा, सुरभि सिंह फौजदार, माही गुप्ता, शिवानी तिवारी, स्नेहा जैन, प्रिया शुक्ला आदि शिक्षिकाओं का योगदान रहा।










हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**